



RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 3 अंक 186
फरीदाबाद, शनिवार, 15 अगस्त, 2020
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए   YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana


## कोरोना मीटर

**विश्व**

| | |
|---|---|
| कुल | 20,960,424 |
| मौतें | 760,371 |
| ठीक | 13,035,989 |

**भारत**

| | |
|---|---|
| कुल | 2,510,402 |
| मौतें | 48,963 |
| ठीक | 1,795,014 |

स्रोत: www.covid19india.org

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 38.01°C
न्यूनतम 28.01°C

## स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

### अवकाश सूचना

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पायनियर प्रेस और कार्यालय 15 अगस्त शनिवार को बंद रहेगा। अत: अगला अंक 17 अगस्त सोमवार को प्रकाशित होगा।
–संपादक

## क्विक न्यूज

**आठ लाख की रिश्वत लेते दो ईपीएफओ अधिकारी धरे: नई दिल्ली।** सीबीआई ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के दो अधिकारियों को आठ लाख की कथित रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। दोनों दो करोड़ से अधिक के बकाया भविष्य निधि योगदान का समाधान करने के लिए रिश्वत ले रहे थे।



**भीषण बरसात** कारें तैरती दिखीं, बांध में डूबी बोलेरो 3 की मौत


### 74वां स्वतंत्रता दिवस आज, 87 सैनिक होंगे सम्मानित


# हवलदार, मेजर और ले. कर्नल को शौर्य चक्र


### गलवां में चीन का मुकाबला करने वाले आईटीबीपी के 21 जवानों को भी गैलेंट्री मेडल

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**गृह** मंत्रालय ने स्वतंत्रता दिवस पर दिए जाने वाले गैलेंटरी अवॉर्ड की घोषणा कर दी है। इस साल 87 सैनिकों को ये अवॉर्ड दिए जाएंगे। इनमें तीन सैनिकों को शौर्य चक्र, पांच सैनिकों को बार टु सेना मेडल और 60 सैनिकों को सेना मेडल (गैलेंटरी), 19 को मेंशन-इन-डिस्पैच मिलेंगे। भारतीय सेना ने शुक्रवार को बताया कि हवलदार आलोक कुमार दुबे, मेजर अनिल उर्स और लेफ्टिनेंट कर्नल कृष्ण सिंह रावत को जम्मू-कश्मीर में उनके सभी ऑपरेशनों में वीरता के लिए शौर्य चक्र से सम्मानित जाएगा।


ले. कर्नल किशन सिंह रावत


हवलदार आलोक कुमार


मेजर अनिल उर्स

### 215 पुलिसकर्मियों को भी गैलेंटरी अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** बाटला हाउस एनकाउंटर को इतने वर्षों बाद भी देशवासी भूल नहीं पाए हैं। एनकाउंटर में शहीद हुए दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा को 12 वर्षों बाद गैलेंटरी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। पूरे पुलिस महकमे में इस खबर से खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। शुक्रवार को गृह मंत्रालय ने गैलेंटरी अवॉर्ड का एलान किया है, जिसमें देशभर के 215 पुलिसकर्मियों को गैलेंटरी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

**बाटला हाउस एनकाउंटर में शहीद हुए इंस्पेक्टर एमसी शर्मा को 12 साल बाद मिला वीरता पुरस्कार**

# मिलकर बढ़ें, संयमशीलता और राष्ट्रधर्म धारण करें

**मैं** और आप सब स्वतंत्र हैं। यह स्वाधीनता है। पराधीन से स्वाधीन होने का गौरवशाली यह दिवस हम सभी को शौर्य और बलिदान गाथा याद दिलाता है। मैं आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। मैं महसूस करता हूं कि देश की रक्षा में सीमा पर जो सैनिक डटे हैं, वे राष्ट्रधर्म धारण किए हुए हैं। सीमा पर सैनिक राष्ट्रधर्म निभा रहे हैं तो देश के भीतर हर भारतवासी को ईमानदारी, राष्ट्र की उन्नति और प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों को निभाना चाहिए। प्रथम दायित्व यही है कि स्वच्छ-स्वस्थ-शिक्षित समाज का निर्माण करना चाहिए।

इस वर्ष वैश्विक महामारी ने पूरी दुनिया को घेर रखा है। यह ऐसा वक्त रहा, जब दुनिया का हर व्यक्ति भयभीत दिखाई दिया। यह भय कोरोना वायरस के रूप में अक्टूबर 2019 में मनुष्य के बीच आया। साल की शुरुआत में कोरोना भारत में भी प्रवेश कर गया था। जब आया था, तब असरदार नहीं था लेकिन अब जब अक्टूबर, 2020 आ रहा है, तब यह अपना विकराल रूप दिखा रहा है। कहने का तात्पर्य यह है कि जितने दबे पांव, जितनी धीरे-धीरे यह भारत में चरमोत्कर्ष पर आया है, उसी गति से यह हमारे बीच से जाएगा। ऐसे में हमें संयमशीलता, सतर्कता और मिलकर बढ़ते रहने की आवश्यकता है। कोरोना वायरस की हमारे बीच मौजूदगी का दूसरा सच यह भी है कि इसने बहुत कुछ हमसे छीना है तो बहुत कुछ सिखाया भी है। जो हमने सीखा है, यदि उसे शिद्दत से अपनाया जाए तो निसंदेह सामाजिक, आर्थिक और प्राकृतिक रूप से मनुष्य और प्रकृति दोनों को इसका लाभ पहुंचेगा। लेकिन सार यही है कि हमें राष्ट्ररक्षा और उन्नति के लिए मिलकर बढ़ने, संयमशीलता और राष्ट्रधर्म धारण करने की जरूरत है।


प्रदीप मोहंती, संपादक
विचार, पायनियर हरियाणा

### देश के दुश्मनों को माकूल जवाब मिलेगा : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** 74वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने देश को संबोधित किया। राष्ट्रपति ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देश-विदेश में रह रहे भारत के सभी लोगों को ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा इस अवसर पर हमें अपने स्वाधीनता सेनानियों के बलिदान को कृतज्ञता के साथ याद करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि जब सारी दुनिया कोरोना जैसी महामारी से लड़ने में जुटी हुई है, तभी हमारे पड़ोसी देश ने विस्तारवादी रवैये को चालाकी से अंजाम देने का दुस्साहस किया, लेकिन उसकी चाल को हमारे बहादुर जवानों ने अपने प्राण न्योछावर कर नाकाम कर दिया। उन्होंने कहा कि पूरा देश गलवां घाटी के शहीद जवानों को नमन करता है। उनकी बहादुरी पर पूरे देश को गर्व है।









ALLIANCE CLUBS
INTERNATIONAL, HO : KOLKATA
सभी फरीदाबाद वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
K.G. Aggarwal
International Vice President 1st


Proud to say
IamSMEofIndia
15th AUGUST
INDEPENDENCE
DAY
THE INDIAN MSMEs
1.3 Billion Dreams
63 Million Enterprises
11.7 Million GST Registrations
4.8 Million Udyog Aadhar Registrations
70,000 Products
7,000 Start-ups
6,000 Services
92% share in Employment
45% share in Exports
40 % share in Manufacturing
8% Contribution to National GDP
2nd largest Employment Generation
No.1 in Building India
One Voice
IamSMEofIndia
The Face of Progressive Indian MSMEs
www.IamSMEofIndia.com
IamSMEofIndia Habitat Centre, Mathura Road, Sector 11, Faridabad, Haryana
9711101666, 9711123111 | info@iamsmeofindia.com


FARIDABAD INDUSTRIES ASSOCIATION
Wishing You a very
Happy Independence Day
Mr. Satish Bhatia
Hony. Treasurer
Mr. B.R. Bhatia
President
Mr. Jasmeet Singh
Hony. Gen. Secretary
FIA HOUSE, BATA CHOWK, FARIDABAD
Phone.: 0129-2232136, 2235176, E-Mail : fiafbd@gmail.com


CHAMPION COMPONENTS
PRIVATE LIMITED
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED COMPANY
Manufacturer of : SHEET METAL COMPONENTS
FOR AUTOMOBILE & EARTHMOVER
Wish You a very
Happy
Independence Day
Mr.S.C. Bhatia
Add.: Plot No. 25, Sector-24, Faridabad - 121005
Ph.: 0129-4199500, Email : ccplindia@gmail.com
Website : www.championcomponents.com


BONY
BONY POLYMERS (P) LTD.
Rubber Moulded Parts, Rubber to Metal bonded parts,
Non Asbestos Friction Materials, Hoses,
Hose Assembilies & Fuel Tubes and Plastic Parts.
Wishes You
a very
15th AUGUST
Mr. Raj Bhatia
Managing Director
Happy Independence Day
Plot No. 37P, Sec-6, Faridabad-121006
Tel: 0129-2211701-03, E-mail : bony@bonypolymers.com


परिषद का सन्देश
जातपात का भेदभाव बेकार है प्रांतवाद का भेदभाव बेकार है।
हम सब भारतवासी हैं हमें भारत से प्यार है
वासी प्रवासी की एकता यही हमारा विचार है"
HAPPY
INDEPENDENCE
DAY
आर पी सिंह
राष्ट्रीय महासचिव संगठन
एवं सलाहकार
डा. अजय तिवारी
राष्ट्रीय अध्यक्ष
भारतीय प्रवासी परिषद
की ओर से आप सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएँ
bharatiyapravasiparishad@gmail.com, www.bpponline.in
सदस्य बनने के लिए Google Play Store से BPP App Download करें


भारत विकास परिषद्
फरीदाबाद
सभी फरीदाबाद वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश कुमार गुप्ता


सभी फरीदाबाद वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
जे.पी. मल्होत्रा
अध्यक्ष
9810012999
विजय राघवन
महासचिव
9810152028
के.के. नागिया
कोषाध्यक्ष
9811670224
Stay Home Stay Safe
DIA
DLF INDUSTRIES ASSOCIATION
I-10, DLF Industrial Estate, Phase-1, Sec-32, Mathura Road, FBD


NAVDEEP CHAWLA
Managing Director
SIDDHARTH CHAWLA
Director
Wishes You a very
Happy Independence Day
pil
PSYCHOTROPICS INDIA LIMITED


JIVA
There are many schools.
But there is only one Jiva.
Your child is unique. And you need a school that will cater to your child's individuality. To identify what makes him or her special.
Hat trick of scholarships for Class XI
We take pride in guiding children to discover their unique strengths and prepare them for all-round success in life.
Academic Mastery: Excellence in academics, higher order thinking skills and competitive edge
Life Skills: Problem solving, creative thinking, decision making, critical thinking, social skills, empathy, and so on
Character Building: High moral values, integrity, respect for each other through programs such as Swadhyay, Dincharya Ke Niyam & SDE
Swadhyay
Hands-on Astronomy
School Elections
ADMISSIONS OPEN
For the session 2020-21 from Nursery to IX & XI
0129-4294802/804 | jps@jiva.com | www.jivapublicschool.com


MANSHA REALTY
We deals in
bptp, omaxe, Puri etc
bptp
culture} movement
OMAXE
Turning dreams into reality
PURI
CONSTRUCTIONS
With Best Compliment
Happy Independence Day
Corporate Office P-23, P-Block, Sector -75, BPTP Faridabad
Contact No.- 9873189990, Email: masharealty@gmail.com


आप सभी देशवासियों को
भारतीय लोकतंत्र के महापर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
मनोज अग्रवाल
बल्लभगढ़ विधानसभा
गौरव ढींगरा
बी.पी गोयल
वरिष्ठ कांग्रेसी नेता
बल्लभगढ़
मोहित गुप्ता
प्रधान
श्री राधे मित्र मण्डल, बल्लभगढ़
हरजीत सिंह
गुरुद्वारा सिंह सभा
गोपाल गोयल
प्रधान
श्री श्याम बाबा सेवा ट्रस्ट, बल्लभगढ़
हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी


Shivalik Print Ltd.
A world class vertically integrated resource for fabric knitting, processing, finishing, printing and garment manufacturing
Wishes You a very
Happy Independence Day
PRODUCTS
• MENS WEAR
• WOMENS WEAR
• KIDS WEAR
Capacity of 6 million pcs per month.
Capacity of fabric is 1800 tons per month
Mukesh Aggarwal
(Managing Director)
Nishant Aggarwal
(President & CEO)
• Fabrics
Single Jersey
Terry
Fleece
Jacquard
Textured
Brushed
Sueded
Striper
Rib
Feather Soft Handfeel
Corporate Office :
Plot No. 7, Sector-6, Faridabad-121006
Ph.: +91-129-4282300, M.: +91-9811016005
Our Website : www.shivalikprints.com
Mail us at : info@shivalikprints.com


GOLDEN GALAXY
HOTELS & RESORTS
Himanshu Bhatia
Director
Golden galaxy Hotel
With Best Compliment
Richa Kapoor
Director
Golden galaxy Hotel
Happy Independence Day
WEDDING, PARTIES & CONFERENCES
FINE DINE RESTAURANT
LUXURIOUS ROOMS & SUITES
Expect the most in Luxury
95-9938-5803
6 Km From Ballabgarh, Delhi Mathura Road, Faridabad
www.goldengalaxy.in

एफसीसीआई के एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी नरेश कुमार अरोड़ा अपने जन्मदिवस के अवसर पर आप सभी को 74वें स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बंधन की हार्दिक बधाई देते हैं।

**नरेश कुमार अरोड़ा**
**एफसीसीआई एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी**

सुप्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज राय मेहता की तरफ से आप सभी को 74 वें स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बंधन की हार्दिक शुभकामनाएं।
आप स्वस्थ शरीर, स्वस्थ चिंतन, स्वस्थ मानसिकता, निर्मल नेत्र व स्वस्थ दृष्टिकोण से परिपूर्ण स्वस्थ व स्वच्छ भारत वर्ष का निर्माण करें।

**डॉ. मनोज राय मेहता, नेत्र रोग विशेषज्ञ**

SAROOP HOSPITAL, SOHNA
जच्चा बच्चा केंद्र
सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
SAROOP HOSPITAL
डॉ. संदीप पंवार

आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकमनाएं
चौ. महेन्द्र प्रताप सिंह
पूर्व मंत्री
विजय प्रताप
कांग्रेस नेता, पूर्व प्रत्याशी बड़खल विधानसभा

सभी फरीदाबाद वासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
रूपसिंह नागर
समाजसेवी
राजेश नागर
विधायक, तिगांव

सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्यामबीर अवाना
सरपंच : ग्राम पंचायत बाईखेड़ा, टैठड़

आप सभी क्षेत्रवासियों को
रविन्द्र सिंह राघव
प्रधान, फरीदाबाद प्रोपर्टी डीलर्स वेलफेयर एसोसिएशन
जिला कार्यकारिणी सदस्य, भाजपा फरीदाबाद
जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा
भारतीय जनता पार्टी, फरीदाबाद
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आनंद कौशिक
पूर्व विधायक
बलजीत कौशिक
वरिष्ठ कांग्रेस नेता

FEAWA
FARIDABAD ESTATE AGENTS WELFARE ASSOCIATION (REGD.)
Gurmeet Singh Deol
General Secretary
9811710598
Rajiv Oberoi
President
9717890714
Dashrath Singh Shekhawat
Treasurer
9873091701
Wishing you a very
Happy Independence Day
H.No. 1701, Sector-55, Faridabad
E-mail: geeessproperties@gmail.com, gsdeol.journalist@gmail.com

PINEWOOD
INTERNATIONAL BOARDING SCHOOL
(A Sr. Sec. C.B.S.E. Affiliated School)
DEDICATED To Producing Leaders of the FUTURE
PIBS
74th
Wishing You all
Happy
Independence
Day
ADDRESS:-
Vill.: Pawta, Main Sohna Road, Faridabad-121004, Haryana
PHONE NO.: 0129-3221284, Telefax : 0129-2480101, +91-9810543030
info@pinewoodinternationalschool.com, pps_naren@yahoo.co.in, www.pinewoodinternationalschool.com

# गुणवत्तापरक शिक्षा पर निर्भर है देश की उन्नति : शिक्षा मंत्री

## शिक्षा मंत्री ने किया जिले का दौरा, आज करेंगे ध्वजारोहण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** के शिक्षामंत्री कंवरपाल 15 अगस्त को जिले में ध्वजारोहण करेंगे। उन्होंने एक दिन पहले शुक्रवार को जिले में स्कूलों के नए भवनों के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। अधिकारियों व शिक्षकों के साथ बैठक करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

शिक्षामंत्री ने करीब नौ करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न स्कूलों में बनने वाले नए भवनों के निर्माण कार्य की शुरूआत की। जिसमें उन्होंने कहा कि गुणवत्तापरक शिक्षा के बल पर ही देश-प्रदेश की संस्कृति को संरक्षित रखा जा सकता है, इसलिए प्रदेश सरकार का प्रयास है कि स्कूलों में बच्चों को गुणवतापरक शिक्षा दी जाए। इस अवसर पर उनके साथ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता



राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर भी उपस्थित रहे। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि गुणवत्तापरक शिक्षा समाज की पहली प्राथमिकता है।

**भवन की रखी आधारशिला**

शिक्षा मंत्री ने गांव अनंगपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चार मंजिला भवन के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी।

इसमें 35 कमरे बनाए जाएंगे। जिसमें दिव्यांग बच्चों के लिए चार मंजिल तक रैम्प की सुविधा भी होगी, यह भवन 18 महीने में बनकर तैयार होगा। इस पर 4 करोड 60 लाख रुपये की लागत आएगी।

इसके साथ ही उन्होंने 65 लाख की लागत से गांव गौच्छी स्थित स्कूल में 10 कमरों के दो मंजिला भवन तथा गांव फरीदपुर स्कूल में 3 करोड़ 43 लाख की लागत से बनने वाले 30 कमरों के भवन व सेक्टर-7 स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिही में एक करोड़ की लागत से बनने वाले गर्ल्स हॉस्टल का उद्घाटन किया। इसमें 100 छात्राओं के रहने की सुविधा, वार्डन रूम, डोरमैटरी, डाइनिंग हॉल, लाइब्रेरी शामिल हैं। इस अवसर पर उन्होंने पौधारोपण भी किया।

**इन लोगों ने किया स्वागत**

इस अवसर पर बड़खल की विधायिका सीमा त्रिखा, विधायक राजेश नागर, विधायक नरेंद्र गुप्ता ने शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर, केन्द्रीय सामाजिक न्यायिक अधिकारिता राज्य मंत्री का उनसे संबंधित विधानसभा मे पहुंचने पर हार्दिक स्वागत किया। कहा कि प्रदेश व केन्द्र सरकार की सफल योजनाओं के परिणाम स्वरूप आज हर वर्ग का व्यक्ति खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहा है।

# कोरोना से एक मौत, 129 पॉजिटिव से आंकड़ा 10,780

## जिले में अब तक एक लाख से अधिक हुई सैम्पलिंग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



जिले में कोरोना के मरीजों की संख्या का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अब तक एक लाख 593 लोगों के सैम्पल जांच को लिए गए हैं। जिसमें से 10 हजार 780 लोग पॉजिटिव पाए गए हैं। शुक्रवार को 129 नए मरीज सामने आए। वहीं जिले में पिछले 24 घंटे में एक मरीज ने दम तोड़ दिया। 136 मरीजों ने कोरोना को मात देने में सफलता हासिल की। जिससे ठीक होने वालों का आंकड़ा 9735 पर पहुंच गया।

**ये रहे मृतक और पॉजिटिव**

जिले में अब तक 148 कोरोना ग्रस्त मरीजों की मौत हो गई है। शुक्रवार को सैनिक कालोनी निवासी कोरोना पॉजिटिव एक 80 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। वहीं 129 पॉजिटिव में बीपीटीपी, सेक्टर-34, सेक्टर-31, सेक्टर-18ए, सेक्टर-सात, सेक्टर-48, सेक्टर-21, सेक्टर-17, ग्रीन फिल्ड कालोनी, एसजीएम नगर, डबुआ कालोनी, खेड़ी कलां, एनआईटी एक से पांच, पर्वतीया कालोनी, सेक्टर-30, सेक्टर-14, सेक्टर-15, यादराम कालोनी, सेक्टर-43, जवाहर कालोनी, सेक्टर-46, सेक्टर-29, सेक्टर-40, अहीरवाड़ा, दयालपुर, सेक्टर-55, राजीव कालोनी और मोहना के निवासी मरीज शामिल हैं।

### ये है आंकड़ा

| | |
|---|---|
| जांच को भेजे सैम्पल | 1,00583 |
| रिपोर्ट आई नेगेटिव | 89514 |
| रिपोर्ट आनी है शेष | 289 |
| पॉजिटिव पाए गए | 10780 |
| ठीक हो चुके मरीज | 9735 |
| अब तक पॉजिटिव मौत | 148 |
| क्रिटिकल हालत में भर्ती | 34 |
| आईसीयू में भर्ती | 06 |

# एक मिनट में 150 किक मारता है समय राजपूत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कराटे** में पांच वर्षीय समय राजपूत ने बेहतरीन रिकार्ड बनाया है। कराटे का इस समय मास्टर राजपूत उभरता हुआ सितारा है। समय ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए एक मिनट में 150 किक मारने का रिकॉर्ड बनाया है। उसने कराटे में ब्राउन बेल्ट में अपना नाम इंडिया बुक ऑफ रेकॉर्ड में दर्ज कराया है। समय ने एक मिनट में बिना लेंडिंग के 150 रोलिंग स्लेप किक मारी। समय राजपूत सेक्टर-81 स्थित डीपीएस स्कूल में पढ़ता है। इस कामयाबी के लिए समय 4 माह से प्रतिदिन लगाकर प्रैक्टिस कर रहे थे। समय ने प्रतिदिन 3 हजार किक का अभ्यास किया। जब जाकर यह कामयाबी पाई। समय का अगला लक्ष्य गिनिज बुक ऑफ रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराने का है। इसके लिए वह प्रतिदिन 5 हजार किक का अभ्यास कर रहा है। समय ने अशोका एन्क्लेव स्थित बुडोकॉन डू जो क्लब में टेस्ट दिया था।



डीपीएस की प्रिंसीपल सुरजीत खन्ना और क्लब के प्रशिक्षक दिनेश कुमार, संचालक गणेश राजपूत और नितिन सिंह राणा ने शुभकामनाएं दीं। समय को उनके पड़ोसी और रिश्तेदारों ने भी बधाई दी।

# दोहरे हत्याकांड के चार आरोपियों को तीन दिन का रिमांड

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जसाना** गांव में मंगलवार को दिनदहाड़े पति पत्नी की गोली मारकर हत्या करने वाले चारों आरोपियों को पुलिस ने बीती शाम गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वारदात के मास्टर माइंड एवं मृतका की भाभी के भाई को बाइपास रोड और अन्य तीनों को मेरठ से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चारों आरोपियों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।



एसीपी क्राइम अनिल कुमार यादव ने बताया कि मंगलवार की दोपहर को अज्ञात लोगों ने जसाना गांव निवासी सुखवीर और उसकी पत्नी मोनिका के हाथ पैर बांध कर मौत के घाट उतार दिया था। वारदात के बाद आरोपी लैपटाप, मोबाइल फोन और कीमती सामान भी लूट कर ले गए थे। सुखवीर के मकान के सामने स्थित घर में लगे सीसीटीवी फुटैज से पता चला कि वारदात को चार लोगों ने मिलकर अंजाम दिया है। चारों आरोपियों में शामिल मोनिका की भाभी के भाई विष्णु की पहचान हो गई थी। जिसके बाद उन्होंने अपराध शाखा सेक्टर-85 और सेक्टर-30 को आरोपियों की धरपकड़ के आदेश दिए थे। बीती शाम विष्णु फरीदाबाद से भागने की फिराक में था। पुलिस टीम ने बिना देरी किए उसे बाइपास रोड से गिरफ्तार कर लिया।

विष्णु से की गई पूछताछ के बाद पुलिस ने सोनू, यातिन उर्फ छोटू और कुलदीप उर्फ कैलाश को मेरठ में छापेमारी कर दबोच लिया। एसीपी यादव ने बताया कि आरोपी विष्णु तीन महीने से अपनी घर में रह रहा था। रक्षाबंधन वाले दिन विष्णु को उसकी बहन ने बताया था कि मोनिका का पति सुखवीर उसे ब्लैकमेल कर रहा है। बहन को परेशानी में देख विष्णु ने सुखवीर की हत्या करने की योजना बना ली थी। हत्या के लिए सुखवीर ने मेरठ निवासी अपने अन्य तीनों साथियों से सम्पर्क किया। वारदात को अंजाम देने के लिए सोनू, यतिन और कुलदीप को यहां बुला लिया। चारों आरोपी सुखवीर के घर में प्रवेश कर गए। जहां उन्होंने सुखवीर और मोनिका के हाथ पैर बांध कर बंधक बना लिया। जिसके बाद आरोपियों ने सुखवीर की गोली मारकर हत्या कर दी। मामले का खुलासा न हो इसलिए उन्होंने मोनिका की भी गोली मारकर हत्या कर दी। लूटपाट का रूप देने के लिए आरोपियों ने पूरे घर को खंगाल दिया।

# पीटीआई टीचरों को बहाल करने के लिए दी गिरफ्तारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पीटीआई** की नई भर्ती के लिए 23 अगस्त के टेस्ट को रद्द करवाने और बर्खास्त पीटीआई को बहाल करने की मांग को लेकर बुधवार को हजारों कर्मचारियों ने गिरफ्तारी दी। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष लांबा ने ऐलान किया कि अगर 17 अगस्त तक निर्दोष पीटीआई को बहाल नहीं किया तो 18 अगस्त को सभी गांवों, शहरों एवं कस्बों में प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में रिक्त पदों के बारे दी गलत जानकारी देने से पीटीआई सुप्रीम कोर्ट में केस हारे हैं। अब अपने कृत्यों पर पर्दा डालने के लिए इस मुद्दे का राजनैतिकरण करने में जुटी हुई है। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने ऐलान किया कि जब तक बर्खास्त 1983 पीटीआई की सेवाएं बहाल नही होगी। प्रदेश में आंदोलन जारी रहेगा। वहां एक बड़ी कर्मचारी सभा करने के उपरांत कर्मचारियों ने



गिरफ्तारी देने के लिए डीसी आफिस के लिए मार्च किया। मेन गेट पर भारी संख्या में मौजूद पुलिस बल ने कर्मचारियों के जूलूस मार्च को रोक लिया। कर्मचारियों ने अपने आपको गिरफ्तारी के लिए पेश किया। प्रशासन का गिरफ्तारी के लिए कोई प्रबंध नहीं देख कर्मचारी नेता भड़क गए और उन्होंने दस मिनट में गिरफ्तारी के लिए बसें मंगवाने का अल्टीमेटम दिया। जिससे प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। कुछ समय बाद प्रशासन ने 8 बसों को मंगवाया। लेकिन कर्मचारियों की संख्या अधिक होने के कारण बड़ी संख्या में कर्मचारी बसों से बाहर रह गए। जिन्होंने और बसें मंगवाने को लेकर करीब दो घंटे हंगामा किया। करीब तीन घंटे प्रदर्शन करने के बाद तहसीलदार ने सभी कर्मचारियों को गिरफ्तार करने और रिहा करने की घोषणा की गई।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के नेता राज सिंह, अशोक कुमार, बलबीर सिंह बालगुहेर, युद्धबीर सिंह खत्री, शब्बीर अहमद गनी, दिनेश कुमार,धर्मबीर वैष्णव, खुर्शीद अहमद, रविन्द्र नागर, हाजी सहजाद,मास्टर भीम सिंह,गुरुचरण सिंह खाडियां, करतार सिंह,रमेश चंद्र तेवतिया, कृष्ण कुमार, गांधी सहरावत, जगदीश चन्द्र,वरुण श्यौकंद,अजय सिंह आदि मौजूद थे।

## नवनियुक्त जिला खेल अधिकारी ने संभाला पद



**फरीदाबाद।** जिला खेल अधिकारी रमेश वर्मा ने शुक्रवार को पदभार संभाल लिया। इस मौके पर विभिन्न खेलों के कोच ने नवनियुक्त खेल अधिकारी रमेश वर्मा का स्वागत किया। वहीं मैरी मसीह को विदाई दी। पदभार संभालने के बाद रमेश वर्मा ने कहा कि वह सरकार की खेल नीतियों को खिलाड़ियों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे और जहां-जहां खेल क्षेत्र में खामियां हैं, उन्हें सुधारा जाएगा। इस मौके पर चेतन ने कहा कि रमेश वर्मा की अधिकांश नौकरी फरीदाबाद में रही है और वह जिले में खेल खामियों को बखूबी जानते हैं, जिसके चलते वह उन्हें दुरूस्त कराने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर एथलीट कोच धर्मेंद्र, वाईसीओ सुनीता, मंजू शाह, जूडो कोच हेमंत सिंह, तीरांदाजी कोच दीपक अहलावत, भूपेंद्र सिंह, टेबल टेनिस कोच मनोज यादव, फुटबाल कोच कुलदीप, प्रमोद, तलवारबाजी कोच कपिल के अलाव ऑफिस स्टॉफ से चेतन और सुशीला देवी मौजूद थी।

# 1.75 लाख रुपये के साथ कथित महिला एसआई लापता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नगला** एन्कलेव इलाके में अपने पति के साथ रह रही दिल्ली पुलिस की एक कथित महिला सब इंस्पेक्टर करीब 10 दिन पूर्व ड्यूटी पर जाने और कंगन बनवाने की बात कह कर घर से निकली थी, लेकिन इसके बाद वह रहस्यमय तरीके से लापता हो गई। महिला का मोबाइल फोन भी बंद है। परेशान होकर महिला के पति ने पुलिस से शिकायत की है। महिला सब इंस्पेक्टर है या नहीं, अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। थाना सारन पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक नगला निवासी मनीष अरोड़ा ने अपनी शिकायत में कहा है कि उसकी मुलाकात कुछ महीने पहले दिल्ली के महीपालपुर इलाके में आयशा राव नामक महिला से हुई थी। आयशा ने खुद को देहरादून निवासी बताते हुए कहा था कि माता पिता की मौत हो चुकी है और कोई भाई बहन भी नहीं है। वह दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत है और इन दिनों मॉडल टाउन थाने में तैनात है। जिसके बाद उसकी आयशा ने फोन पर लगातार बातचीत हो रही थी। करीब सात महीने पहले उसने आयशा से प्रेम विवाह कर लिया था। तीन अगस्त को आयशा सुबह ड्यूटी पर जाने और सोने के कंगन बनवाने के लिए घर से पौने दो लाख रुपये लेकर निकली थी। इस दौरान उसकी लगातार आयशा से फोन पर बात हो रही थी। आयशा ने ड्यूटी पर होने की बात कही थी, लेकिन सात अगस्त को अचानक आयशा का फोन बंद हो गया। इंतजार के बाद वह मॉडल टाउन थाने पहुंचा तो पता चला कि आयशा नामक कोई सब इंस्पेक्टर यहां तैनात नहीं है। पता न चलने पर उसने पर्वतीय कालोनी पुलिस चौकी में शिकायत दे दी। जांच अधिकारी भगत सिंह ने बताया कि महिला के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल निकलवाई जा रही है। कॉल डिटेल के आधार पर संबंधित लोगों से पूछताछ व छानबीन की जाएगी। दिल्ली पुलिस के मुख्यालय में जाकर इस बात की छानबीन की जाएगी कि महिला वास्तव में सब इंस्पेक्टर है या नहीं।

## संक्षिप्त-समाचार

### पाठशाला में लगाए 31 पौधे



**फरीदाबाद।** सेक्टर-55 स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला के प्रांगण में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर 31 वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया था। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में स्कूल के अध्यापक सतपाल यादव, समाजसेवी राम पुकार, लक्ष्मण पांचाल एवं फीवा के महासचिव गुरमीत सिंह देओल उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी ने कहा कि वह ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाऐंगे और उनकी आगे देखभाल और सुरक्षा के लिए पूरा ध्यान रखेंगे। अपने स्तर पर समय-समय पर इन पौधों को हरा भरा पेड़ बनाने के लिए पूरी कोशिश करेंगी। उन्होंने लोगों से इस वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की।

### प्रवीन हत्याकांड में मदद करने के दो आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने प्रवीन मर्डर केस में रेकी और हत्यारों की मदद करने वाले दो आरोपी मनीष उर्फ मूल्ला और रोहित को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी मनीष उर्फ मूल्ला मथुरा, यूपी का रहने वाला है। फिलहाल आरोपी पलवल में रह रहा है। दूसरा आरोपी रोहित बिहारी कालोनी पलवल का रहने वाला हैं। गौरतलब है कि 24 जून को थाना एसजीएम नगर एरिया में प्रशांत उर्फ प्रवीन की आरोपी राहुल उर्फ सन्नी व उसके दोस्तों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसपर आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला थाना एसजीएम नगर में दर्ज किया गया था। मामले की जांच क्राईम ब्रांच डीएलएफ को सौंपी गई थी जिसपर क्राइम ब्रांच ने सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर वारदात में रेकी और हत्यारों की पैसों और गाडियों की मदद करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया हैं। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ पर बताया कि राहुल उर्फ सन्नी को मृतक प्रशांत उर्फ प्रवीन ने अवैध हथियार रखने के जुर्म में गिरफ्तार करवा दिया था। जिसके चलते आरोपी राहुल उर्फ सन्नी ने अपने मन में प्रशांत उर्फ प्रवीन के खिलाफ रंजिश मान ली थी। जिसके चलते राहुल और उसके दोस्तों ने प्रशांत उर्फ प्रवीन की हत्या की थी। आरोपियों ने बताया कि राहुल उर्फ सन्नी ने पहले भिवानी जिले में 20 जून को एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या की थीं। इसके बाद आरोपी राहुल उर्फ सन्नी और उसके साथी हमारे पास आकर रुके थे। हमनें राहुल और उसके दोस्तों की गाडी और पैसें देकर मदद की थी।

### जीवा स्कूल में प्रतियोगिता का आयोजन

**फरीदाबाद।** सेक्टर-21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल के छात्रों ने ऑनलाइन पेंटिंग प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया। यह प्रतियोगिता गवर्मेंट ऑफ इंडिया, मिनिस्ट्री ऑफ ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट, डिपार्टमेंट ऑफ स्कूल एजूकेशन एंड लिटरेसी की ओर से संपूर्ण भारत वर्ष के स्कूली बच्चों के लिए आयोजित की गई। कक्षा छठी से आठवीं तक के छात्रों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन था। वहीं नौवीं से बारहवीं तक के छात्रों के लिए निबंध लेखन का आयोजन था। प्रतियोगिता का विषय था, गंदगी मुक्त मेरा गांव में छात्रों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। सभी छात्रों ने अपनी भावनाओं को अपने-अपने तरीके से व अत्यंत सुंदर ढंग से व्यक्त किया। छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर यह सिद्ध कर दिया कि समयानुसार स्वयं को परिस्थिति के अनुसार किस प्रकार ढाला जा सकता है। विद्यालय के छात्रों ने प्रतियोगिता के माध्यम से स्वच्छता के महत्त्व को समझाया कि मानवता के लिए स्वच्छता कितनी आवश्यक है। जहां स्वच्छता होती वहां अच्छा स्वास्थ्य होता है, जहां अच्छा स्वास्थ्य होता है वहां समृद्धि व खुशहाली होती, अत: प्रत्येक नागरिक को इस विषय का विशेष ध्यान रखना चाहिए। विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान प्राय: अपने विचारों को व्यक्त करते हुए इस विषय पर विशेष रूप से चर्चा करते हैं,अत: इस प्रतियोगिता में छात्रों का उत्साह देखकर वे अत्यंत प्रसन्न हुए, उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान व प्रधानाचार्या देविना निगम ने भी छात्रों के उत्साह पर अपनी प्रसन्नता प्रकट की।

### विधायक राजेश नागर के घर पहुंचे शिक्षा मंत्री



**फरीदाबाद।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर का यहां तिगांव के विधायक राजेश नागर के आवास पर पहुंचने पर तिगांव विधानसभा की सरदारी ने पगड़ी बांधकर स्वागत किया। मंत्री विधानसभा के फरीदपुर गांव में नए स्कूल भवन का शिलान्यास करने के बाद यहां पहुंचे थे। यहां विधायक राजेश नागर के भतौला स्थित आवास पर पहुंचे शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर का तिगांव विधानसभा की सरदारी की ओर से वरिष्ठ भाजपा नेता रूप सिंह नागर ने पगड़ी बांधकर स्वागत किया। इस मौके पर मौजूद केंद्रीय राज्यमंत्री एवं स्थानीय सांसद कृष्णपाल गुर्जर का भी सभी ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने मौजिज लोगों से मंत्री का परिचय करवाया और भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग की उम्मीद जताई। विधायक राजेश नागर ने कहा कि भाजपा की सरकारें सबका साथ सबका विकास की नीति पर काम करती हैं। यही कारण है कि यहां पर बिना किसी भेदभाव के सभी के काम मेरिट के आधार पर होते हैं। केंद्र में जिस प्रकार पीएम नरेंद्र मोदी और हरियाणा में सीएम मनोहर लाल की सरकार ने जनता का मन मोह लिया है, उससे एक नए भारत के निर्माण का रास्ता खुला है।

### सुशांत का अधूरा ख्वाब किया पौधे लगाकर पूरा

**फरीदाबाद ।** सपनों की नगरी मुम्बई में देखा गया सुशांत सिंह राजपूत का सपना आज हजारों किलोमीटर दूर फरीदाबाद में सांसे मुहिम के द्वारा पूरा हो गया। सुशांत सिंह ने अपनी ड्रीम बुक में लिखा था कि वो अपने जीवन में 1000 पौधे लगाकर उनकी देखभाल करना चाहते हैं, दुर्भाग्यवश ये सपना पूरा नहीं हो पाया, मगर आज सांसे मुहिम के तहत फरीदाबाद की कई समाजसेवी संस्थाओं ने मिलकर पौधे लगाने वाले सुशांत सिंह के सपने को साकार कर दिया। फरीदाबाद बीके चौक के समीप दशहरा मैदान में सैंकडों पौधे लगाकर उनके सपने की शुरूआत की और अब पूरे शहर में करीब दो हजार पौधे लगाये जायेंगे।

## सीपी ने पांच खिलाड़ियों के बनाए शस्त्र लाइसेंस

**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह ने अपने कार्यालय सेक्टर-21ए में शूटिंग करने वाले पांच खिलाड़ियों और सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एसबीआई ब्रांच मैनेजर को शस्त्र लाइसेंस जारी किया है। पुलिस कमिश्नर ने निखिल चंदीला निवासी बुढैना, हेमंत राघव निवासी विजय नगर बल्लभगढ़, ऋषभ प्रताप सिंह निवासी ब्राह्मण वाडा बल्लभगढ़, मनदीप त्यागी निवासी घरौड़ा, सुरेश निवासी रामनगर बाटा चौक का शस्त्र लाइसेंस बनाया है। इसके अलावा ओपी सिंह ने भारतीय स्टेट बैंक हुड्डा मार्केट सेक्टर-3 ब्रांच की सुरक्षा के लिए लाइसेंस जारी किया है। उपरोक्त लड़के शूटिंग के खिलाड़ी हैं जिनको शूटिंग के वक्त शस्त्र की आवश्यकता होती है। ताकि वह अपने खेल को और बेहतरीन बना सके और देश के लिए पदक जीत सके।

# स्वतंत्रता दिवस: राष्ट्रीय ध्वज और तिरंगी पतंगों की धूम

## देर शाम तक बाजारों में राष्ट्रीय ध्वज कम, पतंगें अधिक बिकी

कविता। फरीदाबाद





स्वतंत्रता दिवस को लेकर करीब डेढ़ महीने से ही पतंगों की बिक्री शुरू हो गई थी। बाजारों में तरह-तरह की पतंगे और राष्ट्रीय ध्वज देखने को मिले, लेकिन कोरोना महामारी के कारण दुकानदारों के सारे अरमानों पर पानी फेर दिया। बाजारों में इस बार पतंगों की बिक्री तो हुई, लेकिन राष्ट्रीय ध्वज की बिक्री नाममात्र की ही हुई। दुकानदारों का कहना है कि इस बार स्कूल और कॉलेज बंद है और बच्चे घरों पर हैं। जिसके कारण राष्ट्रीय ध्वज की बिक्री कम हुई है।

**दिखा पतंगों का क्रेज**

इस बार स्कूल व कॉलेजों बंद होने के कारण बच्चे घर पर ही हैं। जिससे बच्चों व युवाओं में पंतगों व मांझे को लेकर क्रेज बढ़ गया है। वैसे तो बाजारों में तिरंगा, रंग बिरंगी और अन्य कई तरह की पतंगें बिक रही हैं, लेकिन इस बार बाजारों में सबसे ज्यादा मांग है मोदी छाप पतंगों की। युवा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छपी फोटो वाली पतंगे सबसे ज्यादा खरीद रहे हैं। उन्हें आकर्षित करने के व्यापारियों ने भी अपनी दुकानों को खूब सजाया है। स्वतंत्रता दिवस पर दुकानदारों ने बच्चों को लुभाने के लिए तिरंगे पतंगों से सजाया है। स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगी पतंग उड़ाने का काफी क्रेज नजर आया

**मोदी की पतंग खास**

शहर में मोदी की पतंग की खूब डिमांड बढ़ रही है। लोग हाथों हाथ इन पतंगों को खरीद कर ले जा रहे हैं। इनमें युवाओं के साथ बच्चे भी शामिल है। वैसे तो मांझा बरेली का मशहूर हैं। लेकिन इस बार वह कई नामों से आ रहा है। जिसमें सम्राट, जाफरी, टीपू सुल्तान और हीरो प्लस प्रमुख है।

### धरे रह गए सामान

एनएच-पांच के दुकानदार गौरव ने बताया कोरोना के कारण इस बार 15 अगस्त पर बिक्री कम हुई। सामान धरा रह गया। जिसमें इंडियन कैप, बाइक स्टैंड झंडा, टीशर्ट, तिरंगे रंग में रंगे गुब्बारे, फ्लैग, गाड़ी के डेस बोर्ड का फ्लैग जिसमें घड़ी थी, लाल किला और इंडिया गेट इत्यादी सामान की बिक्री न के बराबर हुई है। पटका, हाथ में पहनने वाला बैंड, बैच, छोटे बैच के झंडे जो पॉकेट में आसानी से लग जाए यह सभी दस से 30 रुपये तक आसानी से बिके हैं।

### शुरू हुई तैयारी

सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में शिक्षा मंत्री के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा और परेण को सलामी दी जाएगी। स्वतंत्रता दिवस पर सरकारी संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां पूरी कर ली गई । देर शाम तक झंडा फहराने का स्थान तैयार किया गया। शनिवार की सुबह अधिकारियों के द्वारा सरकारी संस्थानों ने ध्वजारोपण किया जाएगा।

## आठवें दिन भी जारी रहा आशा वर्करों का प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** विभिन्न मांगों के समर्थन में आशा वर्करों की हड़ताल आज क्रमश: आठवें दिन भी जारी रही। सरकार की टालमटोल की नीति से खफा हुई बैठी आशा वर्करों ने जमकर बादशाह खान अस्पताल के प्रांगण में नारेबाजी की। उन्होंने आशा वर्करों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने एवं सभी प्रकार की प्रोत्साहन राशियों का भुगतान करो के नारे लगा रहे थे। शुक्रवार को हुई हड़ताली आशा वर्करों की सभा की अध्यक्षता जिला प्रधान हेमलता ने की जबकि संचालन जिला सचिव सुधा पाल ने किया।

पायनियर क्लासीफाइड

◆ खोया-पाया ◆

I Deepanshi d/o vijay lost my original 10th marksheet Roll no-2123481 year 2019 R/O MCF-2463/9 sanjay colony sector-23 , NIT faridabad haryana 121005 please contact 9213997716

I Darren matthews s/o Dornford matthews lost my original 12th marksheet Roll no-2613912 year 2014 R/O H.NO- 5G - 74 Back portion no-5 Nit faridabad pin code 121001 please contact 9250633871

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। संपादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# 74वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की हुई फुल ड्रेस रिहर्सल

## पुलिस आयुक्त केके राव और उपायुक्त अमित खत्री ने लिया तैयारियों का जायजा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल में भाग लेते पुलिस के जवान व सलामी लेते पुलिस आयुक्त केके राव।

**स्वतंत्रता** दिवस पर शनिवार को आयोजित किए जाने वाले जिला स्तरीय समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बार गुरुग्राम में स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला अपने परदादा पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व. चौधरी देवीलाल के नाम पर सेक्टर-38 में बने खेल परिसर में ध्वजारोहण करेंगे और भव्य परेड की सलामी लेंगे।

कोरोना संक्रमण को देखते हुए इस कार्यक्रम का यूट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारण किया जाएगा जिसका लिंक है। इस समारोह की तैयारियों को उपायुक्त अमित खत्री ने अंतिम रूप दिया।

उन्होंने स्वयं अधिकारियों की टीम के साथ समारोह स्थल का दौरा किया। उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ताऊ देवीलाल खेल परिसर में शनिवार को ठीक प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इससे पहले वे स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद भवन परिसर में बने युद्धस्मारक पर पुष्पचक्र चढ़ाकर देश के जाने अंजाने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। ताऊ देवी लाल खेल परिसर में आयोजित हो रहे जिला स्तरीय कार्यक्रम में इस बार केवल परेड होगी तथा कोरोना संक्रमण की तीव्रता के दौरान अच्छा काम करने वाले कोरोना योद्धाओं को सम्मानित किया जाएगा। यही नही, उप-मुख्यमंत्री खेल परिसर में ही गुरुग्राम के विकास से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण तथा शिलान्यास भी करेंगे। समारोह में इस बार परेड में 7 टुकड़ियां भाग ले रही हैं।

## स्वतंत्रता दिवस पर गुरुग्रामवासियों को मिलेगी 10 करोड़ की 17 परियोजनाएं

**गुरुग्राम।** स्वतंत्रता दिवस पर गुरुग्राम को 17 परियोजनाओं का तोहफा मिलने जा रहा है। प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला स्वतंत्रता दिवस समारोह होने के बाद वहीं ताऊ देवीलाल खेल परिसर में इन परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला लगभग 10 करोड़ 44 लाख रुपये की 17 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में जिला के ग्रामीण अंचल की परियोजनाएं शामिल हैं। दुष्यंत चौटाला गांव नौरंगपुर में छह परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, जिनमें अनुसूचित जाति चौपाल, स्कूल में एक कमरे का निर्माण, पिछड़ा वर्ग चौपाल, हिमजा जोहड़ के सौंदर्यकरण, वाटिका और कुश्ती हॉल आदि शामिल हैं। इसी प्रकार, वे गांव बजघेड़ा में 5 परियोजनाओं का उद्घाटन और एक परियोजना का शिलान्यास करेंगे। बजघेड़ा गांव में एक बॉक्सिंग एंड बैडमिंटन हॉल ए अनुसूचित जाति सामुदायिक हॉल, प्रजापति चौपाल, वाल्मीकि चौपाल और आयुर्वेदिक औषधालय का उद्घाटन करेंगे, साथ ही वे सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास भी करेंगे। इसी प्रकार धर्मपुर गांव में दो परियोजनाओं का उद्घाटन व एक का शिलान्यास करेंगे, इनमें राधा कृष्ण वाटिका और अनुसूचित जाति चौपाल का उद्घाटन व सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास शामिल है। गांव नखड़ौला में जोहड़ की चारदीवारी कार्य का शिलान्यास और गांव मौजाबाद में जोहड़ के सौंदर्यकरण कार्य का उद्घाटन करेंगे।

# गृहमंत्री अमित शाह की कोरोना रिपोर्ट नेगेटिव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने कोरोना को मात दे दी है। शुक्रवार को उनकी कोरोना रिपोर्ट नेगेटिव आई। इसकी खुद जानकारी देते हुए गृह मंत्री अमित शाह से ट्वीट किया। साथ ही उन्होंने अस्पताल के डॉक्टर्स, पैरा-मेडिकल स्टाफ का भी आभार जताया है।

बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 2 अगस्त 2020 को कोरोना पॉजिटिव हुए थे। उन्होंने इसकी भी खुद ही ट्वीट करके जानकारी दी थी। इसके बाद उन्हें यहां मेदांता मेडिसिटी में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों की गहन देखरेख में उनका उपचार हुआ। शुक्रवार को उनकी कोरोना की जांच की गई, जिसमें रिपोर्ट नेगेटिव आई। इसकी जानकारी भी उन्होंने ट्वीट करके दी। अपने ट्वीट में गृहमंत्री अमित शाह ने लिखा है कि आज मेरी कोरोना टेस्ट रिपोर्ट नेगेटिव आई है। मैं ईश्वर का धन्यवाद करता हूं। इस इस समय जिन लोगों ने मेरे स्वास्थ्य लाभ के लिए शुभकामनाएं देकर मेरा और मेरे परिजनों को ढांढस बंधाया, उन सभी का ह्रदय से आभार व्यक्त करता हूं। अमित शाह ने कहा कि डॉक्टर्स की सलाह पर अभी कुछ और दिनों तक होम आइसोलेशन में रहूंगा। गृह मंत्री अमित शाह ने डॉक्टरों का आभार जताते हुए कहा कि कोरोना से लड़ने में मेरी मदद करने वाले और मेरा उपचार करने वाले मेदांता अस्पताल के सभी डॉक्टर्स व पैरा-मेडिकल स्टाफ का भी आभार व्यक्त करता हूं।

## लाठी-डंडों से हमला महिला सहित 5 लोग गंभीर रूप से घायल

**रादौर।** गांव अलाहर में रंजिशन कुछ लोगों ने लाठियों व डंडों से हमला कर एक महिला सहित 5 लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं हमलावरों ने घायलों की कार को तोड़ डाला, महिला की दो तोले की सोने की चेन व गाडी से एक लाख रुपये चुरा लिये। वहीं महिला के साथ अश्लील हरकते की। वहीं एक हमलावर ने देशी कटटे से फायर कर गांव में दहशत फैला दी। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। पुलिस ने घायलों की शिकायत पर हमलावरों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। गांव अलाहर निवासी भारतभूषण कांबोज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी पत्नी आशु, पिता राजबीर, भाई जरनैल सिंह व भतीजे हेमंत के साथ गली में खड़ा हुआ था। तभी रंजिशन सरदारा राम, उसकी पत्नी रीना, शुभम व अन्य 8 से 10 लड़कों ने लाठियों व डंडों से हमला कर दिया।

# होम आइसोलेशन से पांच बच्चों को लेकर महिला फरार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### सभी को कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद किया था होम आइसोलेट

**कोरोना** संक्रमित हुए लोगों के होम आइसोलेशन से फरार, गायब होने की घटनाएं बढ़ रही हैं। ऐसा करके इन लोगों द्वारा कोरोना को फैलाया जा रहा है। पूर्व में कई इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। गुरुवार को भी यहां नाहरपुर रुपा गांव से एक कोरोना पॉजिटिव महिला अपने पांच बच्चों के साथ होम आइसोलेशन से फरार हो गई। स्वास्थ्य विभाग की शिकायत पर महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दिनेश कुमार ने शुक्रवार को बताया कि महिला के गृह जिले में संपर्क कर जानकारी जुटाई जा रही है। मोबाइल लोकेशन से भी पता लगाया जा रहा है।

नाहरपुर रूपा स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मेडिकल ऑफिसर डॉ. अनिता शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 जून को कोरोना टेस्ट कैम्प में नाहरपुर रूपा गांव में रहने वाली 30 वर्षीय महिला व उसके पांच बच्चे कोरोना संक्रमित पाए गए थे। रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टरों ने सभी को सेक्टर-9 स्थित ईएसआईसी अस्पताल में आइसोलेट कर दिया था। हालांकि महिला समेत बच्चों में कोरोना के लक्षण नहीं मिलने पर अगले दिन सभी को उन्हें होम आइसोलेट कर दिया। गुरुवार को डॉक्टरों को मकान मालिक से सूचना मिली की पूरा परिवार बिना बताए यहां से चला गया है। जब डॉक्टरों ने महिला व उसके पति के मोबाइल पर कॉल किया तो वे बंद मिले। मेडिकल ऑफिसर ने पुलिस में शिकायत देकर मामला दर्ज करा दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### आजाद हिंद फौज के शहीदों की पत्नियों का सम्मान



**सोहना।** पंचायत विभाग ने स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले खंड की तीन आजाद हिंद फौज के अमर शहीदों की वीरांगनाओं को घर-घर जाकर सम्मानित किया। वीरांगनाओं को एक-एक शॉल और गुलाब का फूल भेंटकर करके सम्मानित किया। खंड विकास एवं पचायत विभाग अधिकारी प्रमेन्द्र सिंह ने बताया कि उपायुक्त अमित खत्री व सोहना एसडीएम डॉ. चिनार के आदेश पर स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले आजाद हिन्द फौज के अमर शहीदों की पत्नियों को उनके घर जाकर सम्मानित किया। बीडीपीओ ने बताया कि सोहना ब्लॉक में तीन वीरांगनाएं हैं। तीनों ही वीरांगनाओं को उनकी टीम के सदस्यों ने यह सम्मान दिया। सबसे पहले उनकी टीम गांव अभयपुर में वीरांगना ग्यासो देवी पत्नी अमर शहीद घमण्डी के घर पर पहुंची। उसके बाद गढ़ीबाजीदपुर में शांतिदेवी पत्नी अमर शहीद सूरजमल और गांव उल्लावास निवासी शिवली पत्नी अमर शहीद प्रहलाद को सम्मानित किया। उन्होने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर सामाजिक दूरी नियम का पालन करने के उपलक्ष्य को लेकर सभी विरांगनाओं को यह सम्मान दिया है।

### बाल विकास परियोजना विभाग ने किया प्रशिक्षण कार्यक्रम



**गुरुग्राम।** प्रदेश के बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी महिलाओं को देने के लिए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन जिले में किया जाता रहा है। इसी क्रम में विभाग की अधिकारी इंदू गोदारा की देखरेख में गुड़गांव गांव में ब्लॉक रिसोर्स ग्रुप (बीआरजी) के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम व सुपरवाइजर आदि भी शामिल हुई। डॉ. श्वेता और डॉ. प्रीति ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व अन्यों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वे करें और माताओं को अपने बच्चों को स्तनपान कराने के प्रति जागरूक करें। माताओं को यह जानकारी भी दें कि बच्चों की देखभाल किस प्रकार की जाती है, ताकि वे बच्चों का लालन-पालन समुचित ढंग से कर सकें। स्तनपान कराने से बच्चे हर बीमारी से सुरक्षित रहते हैं। इन कार्यकर्ताओं को बताया गया कि वे कोरोना से लोगों को सुरक्षित रखने के लिए फेस मास्क, सामाजिक दूरी का पालन के प्रति भी लोगों को जागरुक करें, ताकि कोरोना से बचाव हो सके।

### कृष्ण सभरवाल राजश पार्टी के जिलाध्यक्ष नियुक्त

**फर्रुखनगर।** राष्ट्रीय जन शक्ति पार्टी (एस) के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह मेहरा ने वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार सभरवाल को पार्टी का जिला गुरुग्राम का अध्यक्ष नियुक्त किया है। सभरवाल ने नियुक्ति पत्र लेने के उपरांत राष्ट्रीय जन शक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय शिवाल एवम प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह मेहरा का धन्यवाद व्यक्त करते हुए आश्वावासन दिया कि वह संगठन की मजबूती के लिए काम करेंगे। जो जिम्मेदारी उन्हें सौपी गई है, उनको वह पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि पार्टी के माध्यम से वे हर असहाय करीब लोगों की आवाज उठाने के साथ-साथ जनहित के मुद्दों को भी शासन प्रशासन के समक्ष रखते रहेंगे।

### नि:स्वार्थ कदम ने कैंसर पीड़िता के उपचार दिए दो लाख



**गुरुग्राम।** सामाजिक संस्था नि:स्वार्थ कदम ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हुए कैंसर पीड़ित बालिका के उपचार के लिए 2 लाख रुपये का अनुदान दिया है। संस्था के महासचिव अरविंद सैनी का कहना है कि कैंसर पीड़िता के परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि वे बालिका के कैंसर का मोटा खर्च वहन कर पाएं। उन्होंने संस्था से आग्रह किया था कि संस्था उनको आर्थिक सहायता दे। सैनी का कहना है कि 19 वर्षीया बालिका का उपचार दिल्ली के एम्स में चल रहा है। बालिका के शरीर के किसी भाग का ट्रांसप्लांट होना है जिसके लिए 10 लाख रुपये का खर्च अस्पताल प्रबंधन ने बताया था। उनका कहना है कि संस्था के अध्यक्ष प्रमोद राघव से इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने संस्था की ओर से दो लाख रुपये उपचार के लिए देने की अनुमति भी दे दी और इस राशि को एम्स अस्पताल प्रबंधन के अकाउंट में ट्रांसफर भी करा दिया है। पीड़िता का उपचार शुरु हो गया है। पीड़िता के परिजनों ने संस्था के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा है कि संस्था वास्तव में जरुरतमंदों की सहायता कर रही है। कोरोना काल मे भी संस्था ने जरूरतमंदों की यथासंभव सेवा की है।

### पर्यावरण स्वच्छता को हाईवे किनारे किया पौधारोपण

**गुरुग्राम।** पूर्वांचल समाज के सदस्यों द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रणधीर राय, राजेश पटेल का कहना है कि पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ खांडसा रोड स्थित सब्जी मंडी के सर्विस रोड़ व राष्ट्रीय राजमार्ग के आस-पास पड़े खाली स्थानों पर पीपल, नीम, जामुन व अन्य प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए और लोगों से आग्रह भी किया गया कि वे पौधारोपण अवश्य करें तथा रोपित किए गए पौधों की देखभाल करें, ताकि वे बढ़कर वटवृक्ष बन सकें। यदि हर वर्ष पौधारोपण किया जाए तो जहां पर्यावरण संतुलित रहेगा, वहीं बढ़ते प्रदूषण से भी लोगों को छुटकारा मिल सकेगा। पौधारोपण कार्यक्रम में समाज से जुड़े राजेश पंडित, राजीव राठौड़, राजेश कुमार और हिमांशु आदि शामिल रहे।

### मालब गांव में मकान गिरने से लाखों का नुकसान



**नूंह।** नूंह से सटे मालब गांव में हल्की बूंदाबांदी के चलते अचानक एक मकान गिर गया। जिससे परिवार का लाखों रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। मकान गिरने से परिवार के किसी भी सदस्य को हताहत नहीं हुई। मकान गिरने से परिवार के लोगों के पास रहने के लिए ठिकाना नहीं बचा, परिवार के लोग जैसे-तैसे इधर-उधर रात गुजार रहे हैं। पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है, ताकि उनके नुकसान की भरपाई हो सके। पीड़ित साहरबा ने बताया कि बृहस्पतिवार को देर शाम करीब आठ बजे परिवार के सभी सदस्य अपने मकान में मौजूद थे। तभी अचानक धमाकेदार आवाज सुनाई दी। जब परिवार के लोगों ने देखा तो उनके मकान की पिछली दिवारी गिर चुकी थी। जिसके बाद परिवार के लोगों ने दूसरे मकान में जाकर जैसे-तैसे रात गुजारी। अगले दिन सुबह परिवार की मुखिया साहरबा ने मदद के लिए जिला प्रशासन के पास शिकायत की, जहां से पीड़ित परिवार को मदद का भरोसा दिलाया गया है।

## जोहड़ की सफाई न होने से गली में पानी भरा, ग्रामीण परेशान



**रादौर।** पिछले दो दिनों से हो रही बरसात ने गांव लक्क्षीबांस में विकास कार्यों की पोल खोल कर रख दी। गांव के जोहड़ की सफाई न होना गांव वासियों के लिए मुसीबत बन गई है। गांव का सारा गंदा पानी इक्कठा होकर गलियों में जमा हो गया है।

आलम यह है कि गंदा पानी कई दिनों से गलियों में भरा है और गंदा पानी लोगों के घरों के आंदर घुस रहा है। ऐसे में गांववासी जाएं तो कहां जाएं। गलियों जलभराव से मच्छरों के कारण गांव में गंभीर बीमारियां पैदा हो रही हैं। जिस कारण गांव में गंभीर बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है, लेकिन पंचायत की ओर से ग्रामीणों की समस्या की और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीण कर्मसिंह, अमर सिंह, रामपाल, पृथ्वी सिंह, दरबार सिंह, सोहन, सुनील कुमार, धरमपाल, प्रेमचंद, सोनिया रानी, पूजा देवी, सोनिया, रवि कुमार आदि ने बताया कि जोहड़ के गंदे पानी की समस्या को लेकर वह कई बार गांव के जनप्रतिनिधियों से मिले। समस्या का समाधान कराने के आश्वसन तो मिले लेकिन समस्या का आजतक कोई समाधान नहीं हुआ। इस बारे में गांव की महिला सरपंच के परिजनों ने बताया कि गांव के जोहड़ के गंदे पानी की समस्या को दूर करने बारे अधिकारियों को अवगत करा दिया है। जल्द ही समस्या का समाधान करा दिया जाएगा।

# कोरोना से जंग जीतने वालों के द्वार पहुंचे एसडीएम

पायनियर समाचार सेवा। तावडू


कोरोना जंग जीतकर लौटी 94 वर्षीय जीवनी को सम्मानित करते एसडीएम डॉ. नरेश कुमार।

**कोरोना** से जंग जीतने वाले योद्धओं सहित शहीदों के स्वजनों का स्थानीय प्रशासन ने सम्मान किया। एसडीएम से लेकर तहसीलदार, बीडीपीओ व ब्लॉक समिति चेयरमैन ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में उक्त लोगों के घर पहुंच उन्हें सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले लोगों सहित उनके स्वजनों व अन्य लोगों को प्रशासन का यह अंदाज बहुत अच्छा लगा।

एसडीएम डॉ. नरेश कुमार ने तावडू के वार्ड-1 गांव सैनीपुरा निवासी 94 वर्षीय बुजुर्ग महिला जीवनी जोकि कोरोना से जंग जीतकर लौटी है। उसको प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया व कुशलक्षेम पूछा। एसडीएम ने बुजुर्ग महिला जीवनी से कहा कि आप उन लोगों के लिए प्रेरणा हैं जो कोरोना से जंग लड़ रहे हैं। उसके बाद तहसीलदार मनमोहन वर्मा ने वार्ड-9 निवासी शहीद मौजीराम की विधवा विद्या देवी के घर पहुंचे व शॉल देकर उनका सम्मान किया। वहीं उन्होंने कोरोना से जंग जीतकर लौटे निहाल चंद गुप्ता, सुशील भारद्वाज, केशर देवी व जगबीर सिंह को भी सम्मानित किया। वहीं बीडीपीओ नरेंद्र सिंह व ब्लॉक समिति चेयरमैन नरेश यादव ने संयुक्त रूप से गांव मोहम्मदपुर अहीर निवासी शौर्य चक्र विजेता शहीद देव कुमार, गांव राठीवास निवासी बीएसएफ डीआईजी शहीद ओमप्रकाश तंवर, गांव गुढ़ा के शहीद अहमद खांन के अलावा कई अन्य शहीदों के घर पहुंच उनके स्वजनों को सम्मानित किया। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा घर पहुंचकर इस तरह सम्मान करने की परिपाटी की लोगों ने सराहना की।

## जन्मदिवस पर पौधारोपण जीवन भर याद रहता है

**कुरुक्षेत्र।** जन्म दिवस अवसर पर लगाया गया पौधा हमें जीवन भर याद रहता है। हमारा प्राकृतिक रूप से उस पौधे के साथ लगाव हो जाता है तथा हम बच्चे की तरह उसकी देखभाल करते हैं। इस दिन पौधे लगाकर हम अपने जन्म दिवस को प्रकृति के साथ मनाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हैं। यह विचार आशीष गुप्ता ने हम फाउंडेशन द्वारा उनके जन्मदिवस पर आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में रखे।

कार्यक्रम का आयोजन महाराजा अग्रसैन सीनियर पब्लिक स्कूल दबखेड़ी में किया गया। संस्था की संयोजक रेखा शर्मा ने बताया कि संस्था अपने सभी स्वयंसेवकों का जन्मदिवस व विवाह सालगिरह आदि सभी आयोजन पौधारोपण कर ही मनाने का प्रयास करती है। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्या रुचिका बंसल, रेखा गर्ग, रीता गुप्ता, विकास शर्मा, राकेश वर्मा, काव्यांश, रेयांश मौजूद रहे।

# मिलाप ने पेश की फंड जुटाने की नि:शुल्क सुविधा

### मिलाप का नि:शुल्क प्लेटफॉर्म अधिक लोगों के लिए मदद तक पहुंचना आसान बनाएगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**स्वतंत्रता** दिवस की पूर्व संध्या पर मिलाप ने आने वाले त्योहारी मौसम के लिए शून्य फीसदी प्लेटफॉर्म फीस की पेशकश की है। इस दौरान मिलाप का नि:शुल्क प्लेटफॉर्म अधिक लोगों के लिए जितनी जल्दी संभव हो मदद तक पहुंचना आसान बनाएगा।

मिलाप के सह-संस्थापक व सीईओ मयूख चौधरी ने बताया, पिछले कुछ महीनों के दौरान जैसे-जैसे कोविड-19 महामारी का प्रकोप बढ़ा है हमने देखा है कि लोग अप्रत्याशित रूप से आगे बढ़कर जरूरतमंदों की सहायता कर रहे हैं। मिलाप पर हजारों लोगों ने मुश्किल समय से गुजर रहे लाखों लोगों की मदद के लिए रकम जुटाई। उनका आभार जताने के लिए हमने मिलाप को सभी राहत संबंधी फंड जुटाने के लिए निशुल्क कर दिया था। ऐसे में आने वाले त्योहारी मौसम के दौरान सभी प्रकार की वित्तपोषण पहल के लिए फीस को 0 प्रतिशत करना ही सही था। चौधरी ने बताया कि 10 साल की हमारी यात्रा के दौरान हम अपने समुदाय में भरोसे को अगले स्तर पर ले जाना चाहते हैं। शून्य प्रतिशत प्लेटफॉर्म फीस के साथ हम सबसे बेहतरीन कस्टमर सर्विस, विश्वास और सेफ्टी प्रोटेक्शन और सोशल फंडरेजिंग टेक्नोलॉजी संबंधित लागत निकालने के लिए अपने दानकर्ताओं की स्वैच्छिक टिप पर निर्भर करेंगे। ऑनलाइन फंड जुटाने को आसान, तेज और अधिक विश्वसनीय बनाने के लिए मिलाप यूजर्स की सफलता और सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता देता है। मिलाप वह सब कुछ करेगा जो उसके 30 लाख से अधिक डोनर यानी दानकर्ता समुदाय के लिए उपयुक्त है और फंडरेजिंग के लिए बेहतरीन अनुभव, सपोर्ट और प्रोडक्ट उपलब्ध कराता रहेगा।

यह शून्य प्रतिशत मिलाप प्लेटफॉर्म फंडरेजिंग फीस उन सभी प्रकार की फंडरेजिंग जैसे निजी कारण और चैरिटेबल संगठनों पर भी लागू होगी जो अभी तक फंडरेजिंग के लिए 5 प्रतिशत प्लेटफॉर्म फीस भरते थे।

## तीन नोटिस के बाद भी हाजिर नहीं हुए सरपंच

**नूंह।** गांव ढाणा के सरपंच से आरटीआई के माध्यम से मांगी गई विकास कार्यों से संबंधित जानकारी सरपंच नहीं दे पाया। खंड कार्यालय से सरपंच के लिए तीन बार नोटिस भेजने के बाद भी सरपंच एक भी नोटिस पर नहीं पहुंच पाया। जबकि शिकायतकर्ता ने तीनों नोटिसों पर अपनी हाजिर दर्ज कराई। शुक्रवार को आखिरी नोटिस पर सरपंच के उपस्थि न होने पर शिकायतकर्ता ने सरपंच के खिलाफ उचित कार्रवाई कराने की मांग की है। जफर उर्फ गुलाम निवासी ढाणा ने बताया कि उसने गांव में हुए विकास कार्यों से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए पंचायत विभाग के पास आरटीआई लगाई थी, जहां से उसे जानकारी नहीं दी गई। जिसके बाद शिकायतकर्ता ने डीडीपीओ से भी जवाब मांग, लेकिन कहीं से भी कोई जवाब नहीं दिया। जिसके बाद शिकायतकर्ता ने चंडीगढ़ अपील की। पुन्हाना खंड कार्यालय ने सरपंच को बुलाने के लिए तीन अलग-अलग तारीखों में नोटिस भी जारी किया, लेकिन सरपंच न तो आरटीआई का जवाब दे पाया और न नोटिसों पर हाजिर हुए।

# किसान-खेत मजदूरों के समर्थन में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

सरबजोत सिंह दुग्गल। कुरुक्षेत्र



**अखिल** भारतीय किसान सभा एवं भारतीय खेत मजदूर यूनियन के देशव्यापी आह्वान पर किसानों-खेत मजदूरों की मांगों को लेकर दोनों संगठनों ने प्रदर्शन कर उपायुक्त को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व सीपीआई के राज्य सचिव दरियाव सिंह कश्यप ने किया।

इससे पूर्व सीपीआई कार्यालय में किसान सभा एवं खेत मजदूर यूनियन के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दरियाव सिंह कश्यप ने किसानों-खेत मजदूरों की हो रही दयनीय स्थिति, बढ़ रही महंगाई, बेरोजगारी पर चिंता जाहिर की। उन्होंने मोदी सरकार द्वारा हाल में लाए गए किसानों, कृषि एवं जन विरोधी तीनों अध्यादेशों की आलोचना की। किसान नेता नरेश कुमार ठोल, मंजीत सिंह पलवल, अजैब सिंह, खेत मजदूर नेता बीर सिंह, सोमबीर आदि ने भी विचार प्रकट किए। राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को सौंपे ज्ञापन में हाल ही में लाये गए तीनों अध्यादेश वापस लेने, आयकर के दायरे से बाहर रहने वाले सभी परिवारों को छह महीने तक 7500 रुपये प्रतिमाह देने, मनरेगा के तहत जरुरतमंद ग्रामीणों को वर्ष में 200 दिन काम एवं 600 रुपये प्रतिदिन मजदूरी देने, पेट्रोल-डीजल के बढ़े दाम वापस लेने, सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों को भरने, जरुरतमंद खेत मजदूरों को रिहायशी प्लाट देने और उन पर मकान बनाने के लिए 5 लाख रुपये ग्रांट देने, उमरी गांव के खेत मजदूर परिवार की नाबालिग लडकी के अपहरणकर्ताओं सहित दुराचार करने वालों एवं देहव्यापार में धकेलने वाले सभी दोषियों को गिरफ्तार करने, पानीपत के बिंझौल गांव के 3 मासूमों के हत्यारों को गिरफ्तार करने, पीड़ित खेत मजदूर परिवारों को 30-30 लाख रुपये आर्थिक सहायता देने, 30 जुलाई के प्रदर्शन के दौरान झूठे मुकदमे बनाकर गिरफ्तार किए गए ग्रामीणों को रिहा करने सहित 12 मांगों को उठाया गया।

# डिप्टी सीएम ने गुरुद्वारा श्री खड़ग खंडा साहिब में नवाया शीश

**हरप्रीत चावला।** शाहाबाद मारकंडा

## उपमुख्यमंत्री ने शहीद उद्यम सिंह मैमोरियल सोसाएटी के कार्यालय का किया उद्घाटन

## लाइब्रेरी के लिए दिए 11 लाख रुपये, शहीद उद्यम सिंह की प्रतिमा पर अर्पित की पुष्प माला

**हरियाणा** के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला शाहाबाद के गांव खरींडवा में गुरुद्वारा श्री खड़ग खंडा साहिब में शीश नवाने पहुंचे। यहां पहुंचने पर श्री अकाल सहाय सेवा सोसायटी चेयरमैन गुरदीप सिंह चढ़ूनी जटान, जत्थेदार सज्जन सिंह खालसा, करनैल सिंह, बचन सिंह, जगीर सिंह, राम सिंह, कर्म सिंह, लक्ष्मण सिंह, गुरदेव सिंह, स्वर्ण सिंह सहित संगत ने डिप्टी सीएम का स्वागत किया। विधायक रामकरण का भी अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में श्री अकाल सहाय सेवा सोसायटी द्वारा निर्माणाधीन बाबा बंदा सिंह बहादुर धर्मशाला एवं रास्ते को पक्का कराने के लिए अनुदान देने की मांग की। जत्थेदार सज्जन सिंह खालसा ने डिप्टी सीएम को बताया कि यह धर्मशाला 4 मंजिला बनाई जाएगी, जिस पर लगभग 50-60 लाख रुपये खर्च होगी। उन्होंने डिप्टी सीएम से मांग की कि धर्मशाला के निर्माण में सरकार द्वारा सहयोग किया जाए और रास्ते को पक्का करवाया जाए। इसके उपरांत डिप्टी सीएम ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। मौके पर हजूर सिंह मसाना, जत्थेदार सज्जन सिंह, जजपा नेता योगेश शर्मा, चेयरमैन गुददीप सिंह, उपचेयरमैन कैप्टन कृपाल सिंह, डॉ. रघुबीर सिंह, करनैल सिंह, बचन सिंह, राम सिंह, गुरदयाल सिंह, जगीर सिंह, परमिन्द्र सिंह संधू कल्याणा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। उधर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, जजपा के प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह, विधायक रामकरण, सोसाएटी के अध्यक्ष अमनदीप सिंह काम्बोज ने



श्री खड़ग खंडा साहिब में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का स्वागत करते सोसायटी के पदाधिकारी।

शहीद उद्यम सिंह की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित की और प्रतिमा के साथ ही पौधा रोपकर समाज को पर्यावरण स्वच्छ बनाने का संदेश दिया।

उपमुख्यमंत्री ने शहीद उद्यम सिंह मैमोरियल सोसाएटी के कार्यालय का उद्घाटन किया। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राज्य सरकार की शहरों की लाइब्रेरी को मॉडल लाइब्रेरी के रूप में स्थापित कर रही है, लेकिन अब सरकार ग्रामीण क्षेत्रों की लाइब्रेरी को भी मॉडल लाइब्रेरी के रूप में विकसित करेगी। उपमुख्यमंत्री ने सोसाएटी की लाइब्रेरी को मॉडल और डिजिटल लाइब्रेरी बनाने के लिए 11 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की और उपमुख्यमंत्री ने बराडा चौक का नाम शहीद उद्यम सिंह चौक करने के प्रस्ताव को तैयार करने के लिए उपमंडल प्रशासन को आदेश दिए। कार्यक्रम शहीद उद्यम सिंह सोसाएटी की तरफ से प्रधान अमनदीप सिंह काम्बोज, उपप्रधान सूबेग सिंह, सचिव सतविन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष सुखविन्द्र सिंह, सुखविन्द्र सिंह किशनगढ, जगीर सिंह, कुलदीप सिंह ने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, जजपा के प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह और विधायक रामकरण को स्मृति चिह्न और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के बाद उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला शाहबाद में ही विधायक रामकरण काला के निवास पर भी पहुंचे और कार्यकर्ताओं से अपने मन की बात को सांझा किया। इसके बाद उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने गांव खैरा में लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को उनका समाधान करने के लिए सख्त आदेश भी दिए। सोसाएटी के अध्यक्ष अमनदीप सिंह काम्बोज ने मेहमानों का स्वागत किया और सोसाएटी की तमाम गतिविधियों को सबके समक्ष रखा।

### किसानों और गरीबों को ताकतवर बनाना उद्देश्य : दुष्यंत चौटाला

**उपमुख्यमंत्री** दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश के किसानों और गरीबों को ताकतवर बनाने के लिए भाजपा-जजपा की गठबंधन सरकार नीतियां और योजनाएं लागू कर रही है। इस सरकार ने कोविड महामारी के बावजूद किसानों की फसलों का एक दाना खरीदने का काम किया। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला शुक्रवार को शाहबाद अनाज मंडी में किसानों द्वारा जजपा-भाजपा सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर आयोजित धन्यवाद समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, जजपा प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह, शाहबाद के विधायक रामकरण को किसानों ने स्मृति चिन्ह, शाल, पगड़ी व हल भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने शाहबाद विधायक द्वारा हल्के की रखी गई मांगों को पूरा करते हुए कहा कि छोटे गांव को 15-15 लाख और बड़े गांवों को 20-20 लाख की राशि विकास कार्यों के लिए दी जाएगी और गांवों के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने का काम किया जाएगा। विधायक रामकरण ने सूरजमुखी की फसल सही समय पर और सही दाम पर बिकने पर उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उपमुख्यमंत्री के प्रयासों से सूरजमुखी का एक-एक दाना बिका है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री से कुछ गांवों से सम्बन्धित सड़कों और शाहबाद के बस स्टैंड के पास अंडर पास की और हल्के में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के नाम पर कॉलेज खोलने की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान के तहत की साफ-सफाई



**कुरुक्षेत्र।** नेहरू युवा केंद्र कुरुक्षेत्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में गांव बारवा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में गंदगी मुक्त भारत अभियान के तहत साफ-सफाई व स्वच्छता का अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक विक्रम सिंह व ग्रामीण युवा विकास मंडल के सदस्यों द्वारा विद्यालय के प्रांगण की साफ-सफाई की गई। समाजसेवी राम मेहर व वीरभान ने स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया। युवा मंडल की ओर से भीम सिंह, अंग्रेज सिंह, शमशेर सिंह, कर्मवीर, गुरमीत सिंह, विक्की, कुलदीप, रवि व सफाई कर्मी मामू राम, जयदेव और मिट्ठू राम ने अहम योगदान दिया।

### सीएचसी के भवन के लिए 13 करोड़ रुपये का बजट पास

**निगदू।** कस्बे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का भवन बनाने के लिए लगभग 13 करोड़ रुपये का बजट पास हो गया है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार भवन बनाने के लिए लगभग 12 करोड़ 70 लाख 40 हजार रुपये का बजट पास हुआ है। बजट पास होने पर क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का आभार जताया। क्षेत्रवासियों की निगदू में पीएचसी को सीएचसी में अपग्रेड करने की वर्षों पुरानी मांग को अगस्त 2018 में सीएम ने मंजूरी दी थी। सीएचसी का भवन बनाने के लिए अप्रैल 2019 में ग्राम पंचायत ने लगभग चार एकड़ जमीन स्वास्थ्य विभाग के नाम ट्रांसफर कर दी थी। लेकिन भवन के लिए बजट पास नहीं हुआ। बजट पास करने के लिए कस्बावासी कई बार मुख्यमंत्री से मिले। कुछ दिन पहले भी कस्बावासी बजट पास करने के सिलसिले में मुख्यमंत्री से मिले थे।

### रक्तदान शिविर 18 अगस्त को

**निगदू।** शहीद भगत सिंह युवा शक्ति निगदू की तरफ से 18 अगस्त दिन मंगलवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। समिति के प्रधान तरुणपाल ने बताया कि कस्बे के देवी दुर्गा मंदिर में 18 अगस्त को सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर तीसरा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा निर्माणधीन शहीद स्मारक एवं पुस्तकालय में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम पहले 22 मार्च को होना था, किंतु जनता कर्फ्यू लगने की वजह से कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा था।

### जेएमआईटी में ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन विभाग द्वारा शुक्रवार को ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबीनार के मुख्या वक्ता ईसीई विभाग के एल्युमनी, इंजिनियर प्रीत यादव रही, जो कि विप्रो लिमिटेड, बेंगलुरु में एनालॉग एंड मिक्सड सिग्नल प्रैक्टिस हेड है। वेबिनार का मुख्या उद्देश्य बच्चो को सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी से अवगत कराना तथा इसमें रोजगार के अवसरों के बारे में बताना था। इसमें 80 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला का आयोजन विभाग ने विभागाध्यक्ष गौरव कुमार तथा अन्य साथियों की देखरेख में किया। कॉलेज के डायरेक्टर ने भी प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाते हुए इस दिशा में अपना भविष्य बनाने के लिए कहा। कार्यशाला के दौरान विभिन्न एनआईटी और थापर यूनिवर्सिटी के रिसर्च स्कॉलर ने भाग लिया।

### नम आंखों से गणमान्यजनों ने खैहरा को दी श्रद्धांजलि



**कुरुक्षेत्र।** युवा जजपा के जिलाध्यक्ष डा. जसविंदर सिंह खैहरा के पिता रवैल सिंह की श्रद्धांजलि सभा गुरुद्वारा मांडी साहिब में हुई। इस दौरान खेलमंत्री संदीप सिंह, जजपा राष्ट्रीय महासचिव बृज शर्मा, विधायक सुभाष सुधा, इनेलो प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी, कांगेस नेता गगनजोत संधु, जयभगवान शर्मा डीडी सहित कईं राजनीतिक, धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर रवैल सिंह को श्रद्धाजंलि दी। खेलमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि रवैल सिंह एक नेक दिल और समाजसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व के धनी थे। विधायक सुभाष सुधा ने भी रवैल सिंह खैहरा को एक नेक दिल इंसान बताते हुए कहा कि उनका निधन समाज के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। दिवंगत के बड़े भाई बूटा सिंह व पुत्र डॉ. जसविन्द्र खैहरा ने श्रद्धाजंलि देने पहुंचे जनसमूह का आभार प्रकट किया, जबकि दिवंगत के छोटे भाई डॉ. मेजर सिंह ने आई हुई संगत का धन्यवाद किया। सभा में बाबा जगतार सिंह, बाबा अमरीक सिंह कारसेवा वाले, इनसो प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप देशवाल, गुरदेव सिंह रम्बा, डा. संतोष दहिया, नछतर सिंह मल्हान, युवा कोंग्रेस जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह चीमा, आप नेता सुमित हिन्दुस्तानी, सुभाष पाली, कुलदीप नारा भी पहुंचे।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवती घायल

**रादौर।** नागल गांव में सुबह एक युवती को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी। जिस कारण युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल युवती को ईलाज के लिए आसपास के लोग यमुनानगर के एक नीजि अस्पताल में ले गये। जहां युवती ने इलाज के दौरान जिंदगी और मौत से झूझते हुए दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाते हुए अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। जबकि दुर्घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। गांव नागल निवासी बलबीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार की सुबह उसकी बेटी चीनू (20) गोबर डालने जा रहीं थी तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिस कारण उसकी मौत हो गई।

### अमन की मौत के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करे पुलिस

**कुरुक्षेत्र।** प्रजापति जागरूक सभा के प्रदेशाध्यक्ष रामकुमार रंबा ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि न्यू शांति नंगर निवासी अमन की मौत के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। रामकुमार रंबा ने बताया कि प्रजापति समाज के न्यू शांति नगर निवासी अमन पर उसके पड़ोसी द्वारा एससी/एसटी एक्ट की शिकायत दी थी, जिससे अमन मानसिक रूप से परेशान हो गया और जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। रामकुमार रंबा ने बताया कि इस बाबत वे एसपी आस्था मोदी व डीएसपी राजकुमार से भी मिले हैं और मांग की है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए। अमन व परिवार पर दर्ज किए गए एससी, एसटी एक्ट के तहत मुकदमे की गहराई से जांच की जाए व अमन के परिजनों को इन्साफ दिया जाए।

### डिप्टी सीएम के आने से पहले नालों की सफाई



**निगदू।** शुक्रवार को निगदू व रायसन गांव में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के आने की सूचना मिलने के बाद सभी विभागों के अधिकारी हरकत में आए। नीलोखेड़ी-निगदू रोड के दोनों तरफ करोड़ो रुपये की लागत से आधे बने नालों की काफी समय से सफाई नहीं हुई थी। जिसकी वजह से नाले गंदगी से अटे हुए थे। यही कारण था कि बारिश का पानी नाले में जाने की बजाए रोड पर एकत्र हो जाता था। गुरुवार से कर्मचारी नालों की सफाई कर रहे हैं। सिटी सेंटर मार्केट के सामने नाले के अंदर के साथ साथ बाहर भी गंदगी फैली हुई थी।

# स्वतंत्रता दिवस पर सीएम के पिटारे से निकलीं ढेरों सौगात

## धर्मार्थ स्कूलों और अस्पतालों का शतप्रतिशत संपत्ति कर माफ

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेश के लोगों को अनेक प्रकार की राहतें प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की है। इनमें धर्मार्थ शिक्षण संस्थानों, धर्मार्थ अस्पतालों तथा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के स्कूलों के लिए संपत्ति कर से शतप्रतिशत छूट, सभी धार्मिक स्थलों को अप्रैल मई व जून के तीन महीनों के लिए सरचार्ज राशि सहित बिजली बिलों से पूरी छूट और नगर पालिकाओं के तहत गांवों के लाल डोरा के भीतर स्थित ऐसी आवासीय संपत्तियों, जिनके मालिक 31 अक्टूबर तक सभी लंबित बकायों का भुगतान कर देंगे, को सम्पत्ति कर में 50 प्रतिशत की एकमुश्त छूट शामिल है।

हरियाणा सरकार के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि सम्पत्ति कर से संबंधित उपायों को प्रभावी बनाने के लिए शहरी स्थानीय निकाय विभाग की 11 अक्टूबर, 2013 की अधिसूचनाओं में अनेक संशोधन किए गए हैं और मंदिरों, गुरुद्वारों, चर्चों एवं मस्जिदों के बिजली बिलों के संबंध में डिस्कॉम द्वारा शीघ्र ही अधिसूचनाएं जारी की जाएंगी। प्रवक्ता ने बताया कि वर्ष 2010-11 से 2016-17 तक के संपत्ति कर के देय या बकायों के लिए 25 प्रतिशत की एकमुश्त छूट उन संपत्ति कर मालिकों को दी जाएगी जो 31 अक्टूबर, 2020 तक वर्ष 2010-11 से 2019-20 तक के सभी संपत्ति कर देय या बकायों का भुगतान कर देंगे। उन्होंने बताया कि देरी से भुगतान के मामले में डेढ़ प्रतिशत प्रति मास या उसके भाग की दर से ब्याज लगाया जाएगा, बशर्ते कि वर्ष 2010-11 से 2019-20 तक के लंबित संपत्ति कर देय या बकायों पर ब्याज की एकमुश्त छूट उन सभी करदाताओं को दी जाएगी, यदि उनके बकायों का भुगतान 31 अक्टूबर, 2020 तक कर दिया जाता है। उन संपत्ति मालिकों को अतिरिक्त पांच प्रतिशत छूट दी जाएगी, जो हर वर्ष 31 जुलाई तक ऑटो डेबिट सिस्टम द्वारा संपत्ति कर का भुगतान करेंगे, लेकिन चालू वर्ष अर्थात 2020-21 के लिए 31 अक्टूबर, 2020 को अंतिम तिथि माना जाएगा। उन्होंने कहा कि ढाबों और डेयरियों जैसी कृषि सम्बद्ध गतिविधियों के लिए संपत्ति कर की दरें, जिन्हें 19 सितम्बर, 2019 को संशोधित किया गया था, 11 अक्टूबर, 2013 से लागू होंगी। कोरोना के कारण उत्पन्न संकट को मद्देनजर रखते हुए हरियाणा सरकार ने राज्य में सभी धार्मिक स्थलों अर्थात मंदिरों (बौद्ध एवं जैन मंदिरों सहित) गुरुद्वारों, चर्चों और मस्जिदों के लिए अप्रैल से जून की अवधि के लिए सरचार्ज राशि सहित बिजली बिल माफ करने का निर्णय लिया है, बशर्तें वे मार्च तक के अपने सभी बकाया देय, यदि कोई है, का भुगतान 31 अक्टूबर तक कर दें। उन्होंने बताया कि 10 प्रतिशत की छूट उन आकलनकर्ताओं को दी जाएगी जो 31 अक्टूबर तक अपने कुल संपत्ति दयों का भुगतान कर देंगे।

**ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा :** हरियाणा सरकार के अनुसार राज्य की नगर पालिकाओं में सम्पत्ति करदाताओं के लिए हरियाणा सरकार ने सभी नगर निगमों, समितियों एवं परिषदों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले गांवों के लाल डोरों में स्थित उन आवासीय संपतियों को 50 प्रतिशत की एकमुश्त छूट देने की अनुमति दी है जिनके मालिक 31 अक्टूबर तक वर्ष 2010-11 से 2019-20 के लिए सभी संपत्ति कर देय या बकायों का भुगतान कर देते हैं।

# डेयरी शिफ्टिंग मामले में प्लॉटों की हुई अलॉटमेंट

## संयुक्त निगमायुक्तअध्यक्षता में 33 डेयरी प्लॉटों का निकाला गया ड्रॉ

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल



**डेयरी** शिफ्टिंग मामले में नगर निगम ने अब करीब आधे प्लाटों की ड्रॉ के जरिए अलॉटमेंट प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। यही नहीं निगम की ओर से अलॉटियों को कब्जा देने के बाद वहां जल्द से जल्द डेयरी निर्माण करने के नोटिस के फलस्वरूप कुछ डेयरी संचालकों ने अपने प्लाटों पर निर्माण से पहले मिट्टी की भरपाई का काम भी शुरू कर दिया है। इसे देखते लगता है कि आगामी कुछ समय में पिंगली स्थित डेयरी कॉम्पलैक्स पर डेयरियों शिफ्ट होती दिखाई देंगी।निगम के प्रयासों के बीच शुक्रवार को दूसरी बार नगर निगम के संयुक्त आयुक्त गगनदीप सिंह की अध्यक्षता में डेयरी प्लॉट अलॉटमेंट करने के लिए ड्रॉ की प्रक्रिया पूरी की गई। निगम आयुक्त निशांत कुमार यादव ने ड्रॉ को लेकर की गई कार्रवाई बारे बताया कि कुल 33 प्लॉटों के ड्रॉ निकाले गए, जिन्होंने आवेदन किया था। इससे पूर्व बीती 20 फरवरी को 79 प्लॉटों का ड्रॉ निकाला गया था, इन्हें मिलाकर अब तक कुल 112 प्लॉटों का ड्रॉ निकाला जा चुका है। पिंगली स्थित डेयरी कॉम्पलैक्स में ताजा सर्वे के बाद प्लॉटों की संख्या 231 हो गई है, इस प्रकार वर्तमान में शेष 119 प्लॉट ही अलॉटमेंट के लिए बचे हैं।आयुक्त ने बताया कि अलॉटमेंट के बाद प्लॉट की 10 छमाही किश्तों में से 20 प्रतिशत राशि तत्काल और शेष 6-6 महीने के अंतराल पर बिना ब्याज के जमा करवानी होती है। नियम यह भी है कि जो व्यक्ति समय पर किश्त जमा नहीं करवाएगा, उसे ब्याज के साथ किश्त की राशि भरनी पड़ेगी। आवेदन के समय 31 हजार एक सौ रूपये की राशि ली गई थी।ड्रॉ सम्पन्न करवाने वाले संयुक्त आयुक्त गगनदीप सिंह ने बताया कि समूचि प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता से की गई और उसकी विडियोग्राफी भी करवाई गई। आवेदकों के सामने दो बाउल रखे गए थे, एक में नाम की पर्ची और दूसरे में साईज अनुसार प्लॉटों की पर्ची डाली गई थी।

अलग-अलग व्यक्तियों से पर्ची निकलवाकर आवेदक का नाम और उसके प्लॉट नम्बर की घोषणा की गई। उन्होंने बताया कि जिन आवेदकों के प्लॉट निकाले जा चुके हैं, उनसे 20 प्रतिशत राशि प्राप्त करने के बाद प्लॉटों की निशानदेही दे दी जाएगी ड्रॉ की कार्रवाई में मौके पर उपनिगमायुक्त धीरज कुमार, नायब तहसीलदार राम कुमार, एटीपी प्रताप सिंह, सचिव बाल सिंह, सीएसआई महावीर सोढी, लिपिक प्रदीप शर्मा व सुशील कुमार, संजीव राठी तथा टिंकू शामिल रहे।

# एडीजीपी चावला को राष्ट्रपति पुलिस मेडल

## हरियाणा के 12 अन्य अधिकारी पुलिस पदक से होंगे अलंकृत

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**स्वतंत्रता** दिवस के अवसर पर हरियाणा के 12 पुलिस अधिकारियों को विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित करने के लिए चुना गया है। हरियाणा पुलिस के प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, प्रशासन के पद पर तैनात अरशिंदर सिंह चावला को विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है, जबकि 11 अन्य पुलिस अधिकारियों को सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से अलंकृत किया गया है।

सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित होने वालों में चंडीगढ़ में तैनात इंस्पेक्टर रामलाल, रोहतक के सब-इंस्पेक्टर राकेश मनी, पंचकूला के ओआरपी सब-इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह, एचएपी मधुबन में सेवाएं दे रहे सब-इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद, रेवाड़ी के सब-इंस्पेक्टर रविन्द्र सिंह, फरीदाबाद के सब-इंस्पेक्टर निहाल सिंह, पंचकूला में कार्यरत सब-इंस्पेक्टर महासिंह, शहजादपुर अंबाला में एसएचओ ट्रैफिक पद पर तैनात एग्जम्टी सब-इंस्पेक्टर रामकुमार, करनाल में एएसआई साइबर सेल कर्मबीर सिंह, पंचकूला में एएसआई क्राइम राजेश कुमार तथा स्टेट क्राइम ब्यूरो पंचकूला के एग्जम्टी एएसआई शिव कुमार शामिल हैं।

इस अवसर पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मनोज यादव ने विशिष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक प्राप्त करने वाले सभी पुलिस अधिकारियों को बधाई दी। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए यादव ने कहा कि हरियाणा पुलिस के अधिकारियों के अथक एवं निरंतर प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान समस्त पुलिस बल के लिए गौरव का विषय है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ ने कार्यकर्ताओं में भारी जोश

**असन्ध।** भाजपा के नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने चंडीगढ़ में आयोजित कार्यकर्ताओ की बैठक में कहा कि कार्यकर्ताओं का पार्टी पूरा सम्मान करेगी। भाजपा किसान सैल के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हरप्रीत सिंह व मण्डल अध्यक्ष पलविंदर संधू ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष धनखड़ ने लोक सभा व विधान सभा के चुनावों में पार्टी के प्रति किये गए कार्यों को लेकर युवा कार्यकर्ताओं की पीठ थपथपाई व युवाओं को पार्टी में पूरा सम्मान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़ शीघ्र ही सभी विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष के साथ हुई बैठक में कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह है।

# कोरोना जांच के बगैर नहीं होगी विधानसभा में एंट्री

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

## स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने विधानसभा अध्यक्ष को दिया सुझाव

## विधायक, कर्मचारी अधिकारी व पत्रकारों पर लागू होंगे आदेश



**हरियाणा** के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने विधानसभा सत्र के मद्देनजर स्पीकर को सुझाव दिया है कि सदन में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की कोरोना जांच करवाई जाए। कोरोना रिपोर्ट आने के बाद ही सदन में प्रवेश करने की इजाजत दी जाए। हरियाणा सरकार ने बीती रात हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 26 अगस्त से विधानसभा का मानसून सत्र शुरू करने का फैसला लिया है।

हरियाणा में विधानसभा सत्र के आयोजन को लेकर कई दिनों से तैयारियां चल रही हैं। इस बार कोरोना के चलते विधानसभा की कार्यवाही देखने के लिए दर्शकों की एंट्री बैन कर दी गई है। विधानसभा में जहां पहले एक बैंच पर दो विधायक बैठते थे वहीं अब एक बैंच पर एक विधायक बैठेगा। अधिकारियों व दर्शकों की सीटों पर भी विधायक ही बैठेंगे।

गुरुवार की रात मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में मानसून सत्र 26 अगस्त से शुरू करने का फैसला किया गया है। इस बीच हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने शुक्रवार को विधानसभा स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता के साथ बातचीत की। विज ने गुप्ता को सुझाव दिया है कि विधानसभा सत्र की शुरुआत से पहले सभी विधायकों, अधिकारियों व पत्रकारों के कोरोना टैस्ट करवाए जाएं। विज ने कहा है कि विधानसभा सत्र शुरू होने से तीन दिन पहले उन सभी लोगों के कोरोना टेस्ट करवाए जाएं जिनकी डयूटी विधानसभा सत्र के दौरान होगी। कोरोना रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद ही प्रमाण पत्र के आधार पर विधानसभा में एंट्री दी जाएगी। विज ने यह भी सुझाव दिया है कि विधानसभा के सभी प्रवेश द्वार पर न केवल सेनिटाइजर मशीनें बल्कि जूते रैप करने के लिए भी मशीनें लगाई जाएं। स्वास्थ्य मंत्री के इन सुझावों पर अभी विधानसभा स्पीकर द्वारा कोई फैसला नहीं लिया गया है।

### यू-ट्यूब पर देख सकेंगे स्वतंत्रता दिवस समारोह

**रेवाड़ी।** विश्वव्यापी महामारी कोरोना के चलते इस बार लोगों को स्थानीय राव तुलाराम स्टेडियम में कल 15 अगस्त को मनाए जाने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह को प्रत्यक्षरूप से देखने का मौका नहीं मिलेगा। प्रशासन द्वारा दो गज की दूरी सहित विभिन्न सरकारी गाईडलाइन का पालन करते हुए कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब पर किया जाएगा। कार्यक्रम का प्रसारण सुबह 8 बजकर 30 मिनट पर किया जाएगा। ध्वजारोहण सहकारिता राज्य मंत्री ओमप्रकाश यादव करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त यशेंद्र सिंह ने शुक्रवार को समारोह की तैयारियों का निरीक्षण करने के बाद दी।

उपायुक्त ने कहा कि इस बार नागरिकों में कोविड-19 संक्रमण फैलने से रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का सीधा प्रसारण वेबकास्टिंग, लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से दिखाया जाएगा। डीसी ने बताया कि इस बार आयोजित किए जाने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह का थीम आत्मनिर्भर भारत है।

# हरियाणा में मेडिकल अफसरों की भर्ती में उलझी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

## अब अगले सप्ताह से शुरू होगी हाईकोर्ट में बहस

**हरियाणा** में मेडिकल आफिसरों की भर्ती के मुद्दे पर प्रदेश सरकार उलझती नजर आ रही है। शुक्रवार को सरकार ने इस मामले में कोर्ट में जो जवाब दायर किया कोर्ट ने उस पर असंतोष जताते हुए बेहतर जवाब के साथ मंगलवार को बहस करने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट के तेजिंदर सिंह ढींडसा ने भर्ती प्रकिया पर कुछ सवाल भी उठाए।

मामले की सुनवाई 18 अगस्त को होगी। मामले की सुनवाई के दौरान याची के वकील ने बेंच को बताया कि हरियाणा सरकार ने एक जनवरी 2020 को जारी एक विज्ञापन में वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से एचसीएमएस-ग्रुप-ए में चिकित्सा अधिकारियों के 447 खाली पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। याचिकाकर्ता पात्र थे और सामान्य श्रेणी के तहत उक्त पदों के लिए भी आवेदन किया था।

16 जून को राज्य सरकार ने एक आम नियुक्ति आदेश जारी किया जिसमें 447 विज्ञापित पदों से अधिक 642 नव नियुक्त चिकित्सा अधिकारियों की सूची थी। मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि बड़ा सवाल यह है कि चिकित्सा अधिकारियों के 447 विज्ञापित पदों के पर 642 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र कैसे जारी कर दिए गए।

वकील का तर्क है कि राज्य सरकार विज्ञापित संख्या से अधिक पदों को नहीं भर सकती। याची ने सरकार द्वारा जारी इन चिकित्सा अधिकारियों के नियुक्ति आदेश को रद करने की मांग की है। याची के अनुसार यह नियुक्ति गैर कानूनी व अवैध है। इसलिए इस भर्ती को रद किया जाए।

# गहलोत ने जीता विश्वास

## कांग्रेस को संतुलन बनाने की जरूरत

**कांग्रेस** आलाकमान का दावा है कि उसने राजस्थान में संकट समाप्त कर राज्य सरकार को बचा लिया है तथा अशोक गहलौत व सचिन पायलट के बीच दोस्ती हो गई है, लेकिन यह स्थिति कब तक बनी रहेगी? परिवार में एकजुटता का दावा करते हुए दोनों पक्ष कह रहे हैं कि केन्द्रीय नेतृत्व ने उनकी बात मानी। अभी स्पष्ट नहीं है कि मुख्यमंत्री को क्या आश्वासन मिला है क्योंकि उनके सहायक रहे पायलट दिल्ली के बजाय अपनी कर्मभूमि राजस्थान लौट आए हैं तथा उनकी क्या भूमिका रहेगी। बसपा सुप्रीमो मायावती ने उचित ही फिलहाल एक असहज समझौते और बाद में टकराव की भविष्यवाणी की है। वे व्यथित हैं क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने अविश्वास प्रस्ताव पर उनके 6 विधायकों के मतदान पर रोक नहीं लगाई जो कांग्रेस में चले गए थे। उम्मीद है कि गहलोत के पास मामूली बहुमत है और भाजपा द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पेश करने की घोषणा से कांग्रेस फिलहाल एकजुट रहेगी। लेकिन गहलौत और पायलट की सार्वजनिक अभिव्यक्ति दोस्ती के बजाय झगड़े की अधिक लगती है। इसी कारण केन्द्रीय पार्टी के दूत जयपुर में बने हुए हैं और संकट दूर रखने के लिए विधायकों से मिल रहे हैं। भले ही गहलोत का बहुसंख्य विधायक समर्थन कर रहे हों, पर गांधी-नेहरू परिवार उनसे प्रसन्न नहीं है। वह पायलट को 'निकम्मा', 'पार्टी तोड़ने वाला' और 'अंग्रेजी बोलने वाला सुंदर चेहरा' आदि कहे जाने से प्रसन्न नहीं है। गहलौत चाहते थे कि पायलट राजस्थान न लौटें, पर उनसे कहा गया कि पायलट को स्थान देना होगा क्योंकि पार्टी ज्योतिरादित्य सिंधिया की तरह एक और नौजवान को नहीं खोना चाहती है। इसी कारण गहलोत ने अपने समर्थकों से 'माफ करो, भूलो और आगे बढ़ो' की बात की है, लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि उनके विधायक 'स्वाभाविक रूप से नाराज' हैं।



उन्होंने 'देश की सेवा' और 'लोकतंत्र की रक्षा' जैसी बातें कह कर अपनी नैतिक स्थिति मजबूत करने का प्रयास किया है, लेकिन वे यह भी स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि आलाकमान द्वारा पायलट का पक्ष लेने से उनके समर्थक नाराज हैं। यह टकराव जारी रहेगा। पायलट को उप मुख्यमंत्री व राज्य पार्टी अध्यक्ष पद से हटाया जा चुका है तथा उनके समर्थक दो मंत्रियों को भी बाहर किया गया है। विश्वास मत प्राप्त होने तक गहलोत ने अपने विधायकों को जयपुर के एक होटल में ही रखा है। हालांकि, कांग्रेस विधायक दल की बैठक में उन्होंने पायलट से दोस्ती का प्रदर्शन करते हुए उनको 'अपना' कहा, लेकिन स्पष्ट है कि अभी विश्वास का संकट बना हुआ है।

पायलट ने भी यह दावा कर अपनी नैतिक विजय का संकेत दिया है कि वैचारिक मतभेदों को बदले का आधार नहीं बनाया जाना चाहिए तथा वरिष्ठ या युवा विधायकों को असहमति का अधिकार है। वे लगातार कह रहे हैं कि उनको पद की कोई इच्छा नहीं है तथा वे साथ मिल कर काम करने को तैयार हैं। ऐसा लगता है कि उन्होंने सही कदम उठाया है। दिल्ली के विशिष्ट लूटियन वर्ग और अच्छी शिक्षा के बावजूद वे राजस्थान गए, वहां की स्थानीय बोली स्वीकार की तथा जमीन पर काम किया। वे जातीय संरचना तथा गुज्जर वोटबैंक पर अधिकार से अपनी स्थिति मजबूत मानते हैं। इस परंपरागत शक्ति के साथ ही उन्होंने प्रशासन और संगठन को मजबूत करने पर ध्यान दिया है। वे राष्ट्रीय भूमिका के लिए भी उपयुक्त हैं क्योंकि उनके प्रति नौजवानों में आकर्षण है। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने जमीन पर लौटने का निर्णय कर स्पष्ट कर दिया है कि वे कठोरतम चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। पायलट ने 2018 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को विजय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। इसके बावजूद गहलोत को मुख्यमंत्री बनाया गया। लेकिन लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली। इसके बाद पायलट ने स्थानीय निकाय उपचुनावों में पार्टी की विजय सुनिश्चित की। अब देखना होगा कि कैबिनेट के पुनर्गठन मे उनको क्या स्थान मिलता है।

# पाकिस्तान का कश्मीर एजेंडा

(कश्मीरियों के साथ एकजुटता दिखाने के बजाय विफल राज्य बनने से बचने के लिए पाकिस्तान को अपना घर ठीक करना चाहिए। उसे सिंधियों, बलूचों व अन्य अल्पसंख्यकों के साथ न्यायोचित व्यवहार करना होगा।



**अनिल गुप्ता**
लेखक राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



कश्मीर के प्रति पाकिस्तान के मोह ने उसे आर्थिक रूप से दीवालिया बना दिया है तथा आतंकवाद का गढ़ होने के कारण दुनिया भर में उसका सम्मान नष्ट हुआ है। पाकिस्तानी राजनीतिक व सैनिक नेतृत्व नागरिकों को 'कश्मीर विभाजन का अधूरा एजेंडा' व 'कश्मीर पाकिस्तान की नाभि मूल' बता कर उनका ब्रेनवाश करता रहता है। इस्लामाबाद का मोह इस तथ्य से स्पष्ट है कि उसने 1947 के बाद भारत के साथ तीन युद्ध लड़े हैं तथा कारगिल में टकराव किया है। भारतीय सेना को पराजित करने में विफल रहने पर उसने 'भारत को हजारों घाव देने' की रणनीति अपनाई जिसकी अवधारणा जियाउल हक ने बनाई थी। उसने जिहादी आतंकवाद के साथ कश्मीर में छद्म युद्ध छेड़ा और इसे 'धार्मिक उग्रवाद' का नाम दिया। कश्मीर के प्रति मोह के इसी कारण से उसने आतंकवाद को राज्य नीति का अंग बनाया तथा पाकिस्तानी सेना ने आतंकियों को 'रणनीतिक संसाधन' के रूप में बनाए रखा। वित्तीय कार्रवाई कार्यबल-एफएटीएफ की सिर पर लटकती तलवार के बावजूद पाकिस्तान थोड़े बहुत परिवर्तनों के साथ आतंकवाद का लगातार समर्थन कर रहा है।

पाकिस्तान के कश्मीर एजेंडे से दुनिया भर में व खासकर इस्लामी देशों में उसके दोस्तों की संख्या घटी है। कश्मीर पर शुरुआत में उसे थोड़ी अंतरराष्ट्रीय संवेदना प्राप्त थी, पर खासकर आतंकवाद व अन्य तरीकों से भारत से कश्मीर छीनने के प्रयासों के कारण उसका वैश्विक समर्थन घटा है। वर्तमान समय में एक-दो देशों को छोड़ कर कोई भी देश कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान का समर्थन करने को तैयार नहीं है और अधिकांश देशों ने इसे 'भारत का आंतरिक मामला' बता दिया है। कश्मीर के प्रति इस्लामाबाद का मोह समझना कठिन नहीं है। सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से वह सिंधु नदी के पानी पर कब्जा करना चाहता है। पाकिस्तान को भय है कि यदि भारत उसे अतिरिक्त पानी देना बंद कर दे तो उसका नहर संजाल बेकार हो जाएगा। भारत यह काम नदी जल साझे पर किसी अंतरराष्ट्रीय संधि का उल्लंघन किए बिना कर सकता है।

पाकिस्तानी सेना देश पर शासन करती है और लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित प्रधानमंत्री इमरान खान कश्मीर मुद्दा गरम बनाए रखते हुए जनता को खुश कर रहे हैं। वे यह भ्रम बनाए रखना चाहते हैं कि भारत एक 'हिंदू देश' है, 'इस्लामोफोबिया' के कारण उनके लिए मूल खतरा है और यदि सेना न हो तो भारत पाकिस्तान पर कब्जा कर मुस्लिम-बहुल पाकिस्तान की पहचान बदल देगा। लेकिन इस्लामाबाद ने अपनी एकपक्षीय कार्रवाइयों से पाक अधिकृत कश्मीर-पीओके की जनसंख्या संरचना बदली है, चीन को अवैध रूप से उसका क्षेत्र सौंपा है तथा जनता को नागरिक व राजनीतिक अधिकारों से वंचित किया है। ऐसे में यदि भारत को बड़े सैनिक खतरे की तरह न पेश किया जाए तो पाकिस्तानी सेना का वर्चस्व समाप्त हो जाएगा।

1971 में भारतीय सेना के हाथों अपमानजनक पराजय और पूर्वी पाकिस्तान समाप्त होने के बाद इस्लामाबाद ने कश्मीर छीन कर बदला लेने का विचार पाल लिया है। कश्मीर पाकिस्तानियों को एकसाथ जोड़ने वाली गोंद की तरह है। भावनात्मक ब्लैकमेल तथा मुस्लिम भाइयों पर अत्याचार की बात करने के माध्यम से पाकिस्तानी नेतृत्व गंभीर घरेलू मुद्दों से नागरिकों का ध्यान भटकाने में सफल रहा है। पाकिस्तान एक विफल राज्य है और कश्मीर उसके नागरिकों के दिल और दिमाग में गरमी पैदा कर देश को एक रखता है। यह गरमी गायब होने पर देश छिन्न-भिन्न हो जाएगा।

इस प्रकार निर्धारित 'लक्ष्य' प्राप्त करने के लिए पाकिस्तानी अवस्थापना जिहादी आतंक समेत सारी चीजों का प्रयोग इसे 'पाने' के लिए कर रही है। कश्मीर में प्रत्यक्ष व परोक्ष हस्तक्षेप के साथ ही उसने दशकों से वैश्विक समर्थन पाने के लिए कश्मीर मुद्दे के अंतरराष्ट्रीयकरण का प्रयास किया है। उसे उम्मीद थी कि इससे क्षेत्र संबंधी यथास्थिति उसके पक्ष में आ जाएगी। लेकिन 5 अगस्त, 2019 को भारत द्वारा लिए कुछ निर्णयों के कारण पाकिस्तान की योजना ध्वस्त हो गई है जिसमें राज्य का दो केन्द्रशासित क्षेत्रों में विभाजन शामिल है। दुनिया द्वारा कश्मीर में परिवर्तन को भारत का आंतरिक मामला मानने के बाद इस मुद्दे पर पाकिस्तान अप्रासांगिक हो गया है। इससे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के इलाकों पर भारत का दावा भी स्पष्ट रूप से मजबूत हुआ है। इसमें पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से चीन को दिए क्षेत्र भी शामिल हैं। इस घटनाक्रम से इमरान खान और उनके सैनिक संरक्षक स्पष्ट रूप से आश्चर्यचकित हैं।

इसके बाद से पाकिस्तान के सारे कदमों से उसकी निराशा स्पष्ट दिखाई देती है। उसने नियंत्रण रेखा-एलओसी पर सेना एकत्र की, संयुक्त राष्ट्र महासभा में मुद्दा उठाया, इस्लामी देशों से अपील की, इस्लामी संधि संगठन देशों-ओआईसी की आपात बैठक बुलाने की प्रार्थना की, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने अपने तर्क रखे, आतंकवाद को बढ़ावा दिया, युद्धविराम का बार-बार उल्लंघन किया तथा भुगतान प्राप्त थिंक टैंकों व सोशल मीडिया जिहाद समेत भारत-विरोधी वैश्विक प्रचार को बढ़ावा दिया। लेकिन पाकिस्तानी नेतृत्व को भारी अपमान का सामना करना पड़ा।

भारत कश्मीर में प्रशासनिक सुधारों, आतंक-विरोधी कार्रवाइयों, रोजगार सृजन, विकास परियोजनाओं व जमीनी स्तर पर लोकतंत्र मजबूत कर स्थिति ठीक कर रहा है, पर पाकिस्तान स्थिति खराब करने के सारे प्रयास कर रहा है। हालांकि, कश्मीर में अभी बहुत कुछ करना बाकी है, पर जनता ने पाकिस्तान और पाक-प्रायोजित आतंकवाद को अस्वीकार कर दिया है। इसका प्रमाण ज्यादा से ज्यादा कश्मीरियों द्वारा आतंकियों के बारे में सुरक्षा बलों को सूचनायें देना है। इसके बावजूद इस साल 5 अगस्त को पाकिस्तान ने 'काला दिवस' मनाया तथा 'कश्मीरियों से एकजुटता' के माध्यम से अपनी प्रासांगिकता बनाए रखने का प्रयास किया। इनमें विदेशी मीडिया की यात्रा, संरा. में कश्मीर मुद्दा उठाने, राजनेताओं व सैनिक नेताओं से बयान दिलवाने, प्रिंट मीडिया में विशेष सप्लीमेंट देने, एलओसी पर संरा. सैनिक पर्यवेक्षकों का दौरा, रावलपिंडी-मुजफ्फराबाद मार्ग का नाम बदल कर कश्मीर राजमार्ग तथा मुजफ्फराबाद-उरी मार्ग का नाम बदल कर श्रीनगर मार्ग रखने जैसे कदम शामिल हैं। सुरक्षा परिषद में चीन की सहायता से मुद्दा उठाने को कोई समर्थन नहीं मिला और चीन का भी अपमान हुआ। युद्धविराम उल्लंघनों का भारत ने कड़ा जवाब दिया जिससे पाकिस्तानी सैनिक ढांचे को भारी नुकसान हुआ। पाकिस्तानी सेना को अपना वर्चस्व खोने का भय सता रहा है। अत: अपने मुहरे प्रधानमंत्री के माध्यम से वह कश्मीर मुद्दा गरम बनाए रखना चाहती है।

समय आ गया है कि पाकिस्तान अपनी इस ख्याली दुनिया से बाहर निकले। उसे स्वीकार करना चाहिए कि वह युद्ध हार चुका है। इसके बजाय उसे अपने नागरिकों के कल्याण पर ध्यान देना चाहिए जिसकी राजनीतिक नेतृत्व से प्रतीक्षा है। पाकिस्तान विस्फोट के मुहाने पर खड़ा है और अच्छा होगा कि इमरान खान इसकी चिन्ता करें। उन्होंने अनेक अवसरों पर स्वयं स्वीकार किया है कि विश्व समुदाय भारत के साथ है। उनको यह कठोर यथार्थ समझना चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय संबंध भावनाओं के बजाय व्यावहारिकता पर आधारित होते हैं। पाकिस्तानी सेना को नागरिकों का गुस्सा भड़कने के पहले अपनी सोच बदलनी चाहिए। कश्मीरी समझदार और व्यावहारिक हैं। शुरुआती विरोध के बाद, जैसा कि हर परिवर्तन के साथ होता है, उन्होंने नई व्यवस्था स्वीकार की है जो उनका व भावी पीढ़ियों का बेहतर भविष्य सुनिश्चित करती है। उन्होंने अपनी बेहतरी के लिए पाकिस्तान को खारिज कर दिया है। अब पाकिस्तान को समझना है कि वह कश्मीर में अपनी ऊर्जा का दुरुपयोग बंद करे। पाकिस्तान को विफल राज्य बनने से बचने के लिए पहले अपना घर ठीक करना होगा। कश्मीरियों के प्रति एकजुटता प्रकट करने के बजाय उसे सिंधियों, बलूचों, पठानों, शियों, अहमदियों व अन्य अल्पसंख्यकों के साथ संवेदान व एकजुटता प्रकट करनी चाहिए।

# जलीय जीवन के लिए खतरनाक तेल रिसाव

"जलीय जीवन की बेहतरी एवं उसे पर्यावरणीय त्रासदियों से बचाने पर ध्यान केंद्रित करने हेतु एक समन्वित वैश्विक प्रयास की आवश्यकता है।"

**कोटा श्रीराज**
(लेखक पर्यावरण पत्रकार हैं)



अब जबकि भारत महामारी से जूझ रहा है, ऐसे में लगता है देश में आने वाली अन्य सभी आपदाओं पर किसी का ध्यान नहीं है। इस तथ्य से बड़ा उदाहरण और क्या होगा कि आमजन के बीच हिन्द महासागर क्षेत्र में हुए तेल के रिसाव को लेकर कोई जागरूकता या हो-हल्ला सुनाई नहीं दिया? 25 जुलाई को, चीन से ब्राजील जा रहा एमवी वाकाशिओ नामक एक जापी तेल टैंकर मॉरीशस के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में प्वाइंट डी इज्ने पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पोत का ढांचा टूट गया, जिसके कारण उसमें लद हुआ अधिकतर सामान हिन्दमहासागर में बह गया। तेल में 4,000 टन तेल था और इसमें से 1,000 टन ईंधन पिछले सप्ताह पहले ही हिन्दमहासागर में बह गया था।

इस घटना के मॉरीशस के निकट होने के कारण यह सोचा जा सकता है कि भारत तेल रिसाव के भयावह परिणाम झेलने से बच गया। मगर दुर्भाग्य से, ऐसा नहीं है। शक्तिशाली सागरीय धाराओं के कारण, सागर में मिलने वाला तेल न केवल मालदीव और मॉरीशस में समुद्री जीवन के लिए खतरा है बल्कि यह लक्ष्यदीप के चारों ओर के जल जन्तुओं के लिए भी गंभीर खतरा बना हुआ है। दुर्घटनाग्रस्त पनडुब्बी की स्थिति, तेजी से बहता तेल और पोत के ढांचे को पहुंची क्षति के चलते मारीशस तथा भारतीय अधिकारियों के लिए कई चुनौतियां पैदा हो गई हैं, जो स्थिति पर निकट से निगाह रखे हुए हैं। यह खासकर गंभीर मामला है, ताजा जानकारियां को ध्यान में रखते हुए जिनसे संकेत मिलता है कि पोत टुकड़ों में विभाजित होने के कगार पर पहुंच गया है।

वर्तमान में हुई त्रासदी हिन्दमहासागर में विद्यमान नाजुक प्रवाल भित्तियों के लिए मौत का फरमान है, खासकर उस क्षेत्र के लिए जहां पोत मौजूद है। प्रवाल कैल्शियम कार्बोनेट से बने समुद्री जीव हैं और इन प्रवालों के ऊतकों के भीतर शैवाल होते हैं। प्रवाल एवं शैवाल के बीच एक सहजीवी संबंध होता है। जैसे ही रसायन और तेल प्रवाल भित्तियों पर आच्छादित हो जाते हैं, शैवाल उनसे बाहर हो जाता है, और इसके फलस्वरूप प्रवाल सूखने लगते हैं। यह पारिस्थितिकीय रूप से विनाशकारी प्रक्रिया है जो अपरिवर्तनीय है और मामला और भी ज्यादा बिगड़ जाता है क्योंकि सागर में लगभग 25 प्रतिशत मछलियां जीवित रहने के लिए स्वस्थ प्रवाल भित्तियों पर निर्भर होती हैं। अभी तक जितना तेल सागर में मिल चुका है उससे समुद्री जीव जन्तुओं की अनगिनत प्रजातियां नष्ट हो चुकी होंगी। सबसे बुरा पक्ष यह है कि इस त्रासदी से बचा जा सकता है। उत्कृष्ट उपग्रहीय चित्रण एवं पनडुब्बी के भू-स्थिति आंकड़े पहले से ही मॉरीशस के अधिकारियों के पास उपलब्ध थे। लेकिन इसके बावजूद, तेल टैंकर की मदद के लिए तीव्र गति से पहल नहीं की गई।

इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि पोत 13 दिनों तक अटका रहा, तेल रिसता रहा, लेकिन मॉरीशस सरकार द्वारा कोई हस्तक्षेप न किया जाना दुखद है। यदि त्रासदी का पैमाना मॉरीशस की क्षमता से परे था, तो उसे फौरन अंतरराष्ट्रीय मदद मांगनी चाहिए थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और परिणामस्वरूप, बहुमूल्य वातावरण तेल से भर गया है जिसके निष्प्रभावी होने में वर्षों लग जाएंगे और हो सकता है कि कभी खत्म न हो।

यह चिंताजनक रुझान है जिसका तत्काल उल्लेख करने की आवश्यकता है। विश्व आमतौर से, और भारत खासतौर से, प्रदूषण के साथ जीने का आदी हो चुका है। उदाहरण के लिए, मुंबई के लोग तेल की टार बालों से प्रदूषित होने वाले समुद्र तटों के आदी हो चुके हैं, जो बालू के संपूर्ण विस्तार के लिए दृष्टिगोचर हो रहा है। ये टार बाल्स दुर्घटनावश तेल के रिसाव अथवा तेल टैंकरों द्वारा जानबूझकर अपने बैलास्ट जल को समुद्र में बहाए जाने के कारण पैदा होते हैं जिससे विषैले रसायन एवं ईंधन जल में घुलमिल जाते हैं और अंतत: मुंबई जैसे तटीय शहरों में समस्या का कारण बनते हैं। दुर्भाग्य से, ये स्थितियां केवल उन देशों में हैं जो पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धताओं को लेकर उदासीन रहते हैं। इसी प्रकार की लापरवाही और समुद्र तटों के प्रदूषण यूरोपीय देशों के तटीय शहरों में पाया जाता है।

तेल का रिसाव समुद्री जीव जन्तुओं के लिए निरंतर खतरा बना हुआ है। अंतरराष्ट्रीय टैंकर स्वामी प्रदूषण परिसंघ (आईटीओपी) के आंकड़ों के अनुसार, 2019 में दुनियाभर में तेल रिसाव की पांच बड़ी घटनाएं हुईं थीं। सबसे बुरा था 2019 में ब्राजील में हुआ तेल रिसाव जिसके चलते लगभग 3,000 किलोमीटर तक तट रेखा दूषित हो गई। इंटेकओपेन के अनुसार, सभी स्रोतों से एक वर्ष में 3.2 मिलियन टन तेल का रिसाव होता है। लेकिन इस तेल का सर्वप्रमुख ग्रहणकर्ता समुद्र है। पर्यावरण के लिए तेल रिसाव किस हद तक विनाशकारी साबित हो सकता है इसे एक्जॉन वाल्डेज तेल रिसाव का अध्ययन करके पता लगाया जा सकता है जिसमें अलास्का के निकट 11 मिलियन टन तेल समुद्र में प्रवाहित हो गया था। इस त्रासदी के परिणामस्वरूप, लगभग 35,000 समुद्री पक्षी अलास्का की खाड़ी में मृत पाए गए थे और अनगिनत मछलियां व समुद्री जीवों की मौतें हुईं थीं।

बहुत विलंब से, मॉरीशस ने पर्यावरण आपदा घोषित की है। लेकिन यह तेल रिसाव की पहली घटना नहीं है, नही अंतिम होगी। जलीय जीवन की बेहतरी एवं उसे पर्यावरणीय त्रासदियों से बचाने पर ध्यान केंद्रित करने हेतु एक समन्वित वैश्विक प्रयास की आवश्यकता है। इसके लिए, टैंकरों एवं समुद्री पोतों की गतिविधियों पर नजदीक से निगरानी रखनी होगी। भारत को एक विशेष कार्यबल का गठन करना होगा जो हिन्दमहासागर क्षेत्र में प्रत्येक टैंकर का हिसाब रखे। बैलास्ट जल के रूप में इन टैंकरों से होने वाले प्रत्येक उत्सर्जन एवं संभावित तेल रिसाव पर अंकुश लगाना व उसे रोकना होगा।

समुद्री जीव जन्तुओं के लिए खतरा पैदा करने वाले किसी भी उल्लंघन पर कठोर अर्थदंड लगाकर एवं विशिष्ट सागरीय मालवाही गलियारों से होने वाली समुद्री यात्रा के निरस्तीकरण के द्वारा दंड सुनिश्चित करना होगा। हो सकता है ऐसे दंडात्मक प्रयास पर्याप्त न हों लेकिन वे प्रतिरोधक साबित हो सकते हैं तथा समुद्री जीवन को फलने-फूलने का अवसर प्रदान कर सकते हैं।

## आप की बात

### स्वतंत्र आत्मनिर्भर भारत

**स्वतंत्रता** दिवस यानी 15 अगस्त को इस बार भारत अपनी 74 वीं वर्षगांठ के आयोजन का साक्षी बनेगा। इस वर्ष जो स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा उसकी थीम आत्मनिर्भर भारत की होगी।वस्तुत: आत्मनिर्भरता सदैव ही भारत का लक्ष्य रहा है परंतु वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रंखला के बाधित होने से इस दिशा में गंभीरता के साथ प्रयास करने की आवश्यकता को महसूस किया गया है। अभी के समय में देखा जाए तो भारत निरंतर आत्मनिर्भरता को अपना रहा है। भारत में किसी भी बड़े देश के दबाव में आए बिना ऐतिहासिक रूप से स्वतंत्र विदेश नीति का पालन किया है।बताते चलें की विदेश नीति एक डांटा है जिसके भीतर देश की सरकार बाहरी दुनिया के साथ अपने संबंधों को अलग-अलग स्वरूपों से पेश करती है और संचालित करती है। वर्तमान सरकार द्वारा राष्ट्रीय हितों को बढ़ावा देने के लिए सभी देशों से परस्पर संवाद के माध्यम से विदेश नीति को दोबारा से परिभाषित किया जा रहा है। जो कि एक बहुत ही अच्छी पहल है। इससे भारत की विदेश नीति मजबूत बनती हुई नजर आ रही है क्योंकि इस समय जहां पर हम नेतृत्व विहीन थे वहां पर हम नेतृत्व कर्ता के रूप में आ रहे हैं।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

### भारतीय खेलों को प्रोत्साहन

**भारतीय** खेलों के प्रति युवा पीढ़ी में रुझान कम हुआ है। आउट डोर गेम्स के बजाय बच्चे वर्तमान में वीडियो गेम एवं मोबाइल से चिपके रहना पसंद करते हैं। यही कारण है कि एशियन और ओलंपिक गेम्स में हमारी स्थिति कमजोर रहती है। हॉकी, कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कुश्ती आदि मूल भारतीय खेलों को खेल मंत्रालय द्वारा प्रोत्साहन मिलना चाहिए। इन खेलों के खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए कोच, प्रशिक्षण, अनुदान आदि की व्यवस्था हो ताकि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में हमारे देश का नाम रोशन हो सके। राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सरकार द्वारा शासकीय सेवाओं में नियुक्ति प्रदान की जाना चाहिए। योग्य और श्रेष्ठ खिलाड़ियों का दायित्व सरकार को स्वयं उठाना चाहिए। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले कई पूर्व खिलाड़ियों की दुर्दशा देखकर भी युवा हतोत्साहित होते हैं। देश के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का आत्म सम्मान बरकरार रहे, यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। अभिभावकों और समाज का दायित्व है कि वे बच्चों में भारतीय खेलों के प्रति आकर्षण और रुचि पैदा करें ताकि वे स्वस्थ रहें और उनकी फिटनेस भी बनी रहे।

– **ललित महलकारी**, इंदौर


### कर सुधार के प्रयास

**कर सुधार की** ओर भारत सरकार ने जो कदम उठाए हैं, वे जरूरी व स्वागतयोग्य हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में कराधान व्यवस्था को सुधारने के इरादे से जो घोषणाएं की हैं, उनसे टैक्स चुकाने वालों को निश्चित ही खुशी हो रही होगी। इन सुधारों का मुख्य लक्ष्य यदि ईमानदार करदाताओं को बढ़ावा देना है, तो इसकी जरूरत दशकों से महसूस की जा रही थी। अव्वल तो स्वयं प्रधानमंत्री ने बता दिया है कि 130 करोड़ लोगों के देश में केवल डेढ़ करोड़ कर चुकाते हैं। 130 करोड़ लोगों के देश में केवल डेढ़ करोड़ कर चुकाते हैं। तो इसकी वजह कृषि आय में शत प्रतिशत छूट देना है कई बड़े नेता उद्योगपति व अधिकारी कृषि आय के नाम पर अपनी अधिकतर आए हो काली से सफेद कर लेते हैं जबकि उन्होंने कभी फसल उगाई ही नहीं हो अत: सबसे पहले तो 10 लाख से अधिक कृषि आय वाले पर आयकर आरोपित किया जाए तो अभी जो 1 प्रतिशत से भी कमाई कर देता है उनकी संख्या बढ़कर 30 से 40 प्रतिशत हो जाएगी।

– **सुभाष बुडनवाला,** रत्लाम


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




"**कोविड**-19 महामारी न केवल वैश्विक निर्धनता व शांति हेतु हमारे संघर्षों की उपलब्धियों के लिए खतरा है बल्कि नए संघर्षों को भी जन्म दे सकती है।

– **संयुक्त राष्ट्र प्रमुख**
एंटोनियो गुटरेस



**जम्मू-कश्मीर** में बगैर किसी भेदभाव के विकास को गति मिलनी चाहिए। हमारा उद्देश्य राजनीति करना नहीं बल्कि प्रदेश की आत्मा को देश के साथ एकीकृत करना है।

– **मनोज सिन्हा**
जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल



**जब** देश के ईमानदार करदाता का जीवन सहज हो जाता है तो वह विकास के लिए कदम आगे बढ़ाता है और देश का भी विकास होता है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री"

नरेश यादव, चेयरमैन
ब्लॉक समिति तावडू

संजय सिंह विधायक
सोहना-तावडू

## ग्राम पंचायत सहसौला की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आस मौहम्मद
समाजसेवी

अंजुम आरा
सरपंच सहसौला

जहीर अब्बास
समाजसेवी

---

SHRI SAI PROPERTIES

संजय सिंह, विधायक
सोहना-तावडू

## श्री साईं प्रॉपर्टीज की ओर से स्वतंत्रता दिवस 2020 की हार्दिक शुभकामनाएं

नरेश यादव
ब्लॉक चेयरमैन, तावडू

ओमप्रकाश चौहान
समाजसेवी

राजेन्द्र यादव उर्फ लालाजी
पूर्व सरपंच कलवाड़ी

---

## ओ.डी.एफ. प्लस नगरपालिका तावडू की ओर से शहरवासियों को 74 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

### अपील

तावडू नगरपालिका शहरवासियों से अपील करती है कि वह अपने ओ.डी.एफ. प्लस शहर की गरिमा बनाए रखने के लिए इन बातों को गंभीरता से लें।

१. शहर की सड़कों व गलियों में कूड़ा न फेंके। नगरपालिका के कूड़ा उठाने वाले वाहन में ही कूड़े को डालें।
२. पोलीथीन की जगह कपड़े के थैले का उपयोग करें।
३. सार्वजनिक स्थानों पर बने शौचालयों को साफ सुथरा रखने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।
४. गलियों व सड़कों पर अतिक्रमण न करें।
५. शहर को हरा-भरा व समाज को स्वस्थ्य रखने को लेकर पौधरोपण करें।

विनय कुमार
सचिव

संजय उप्पल
जे.ई.

मनीता गर्ग
चेयरपर्सन

---

लिबर्टी
जनमानस की भावना

## लिबर्टी परिवार की ओर से स्वतंत्रता दिवस की आप सभी देशवासियो को हार्दिक शुभकामनाएं।

रमन बंसल (एम.डी. लिबर्टी ग्रुप)

---

15 August

भा.ज.पा.

## 74 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

Ajay Singh Chauhan
वरिष्ठ भाजपा नेता
भारतीय जनता पार्टी
10-रादौर, जिला यमुनानगर (हरियाणा)

Mob. : 94160-37044 debonier1962 ajaysinghchauhan1959

---

# BOBY PROPERTIES

REAL ESTATE AGENT AND FINANCE ADVISOR

## हमारे यहा मकान, दुकान, जमीन बेचने व खरीदने के लिए संपर्क करें

MR. VIPIN GOEL (BOBY)
M:- 98960-21972

OFFICE ADDRESS -
NEAR BIKANER SWEETS
GURDYAL COLONY, INDRI

---

## आप सभी प्रदेश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

हैप्पी खेड़ी
भारतीय जनता युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष
रादौर

चरण सिंह टोपरा
पूर्व वाईसचैयरमैन मार्किट कमेटी
रादौर


श्री नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री
श्री अमित शाह
गृहमंत्री
श्री राजनाथ सिंह
रक्षामंत्री
श्री योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
श्री राव इंद्रजीत सिंह
केंद्रीय मंत्री
श्री सुरेंद्र नागर
राज्यसभा सांसद
श्री पंकज सिंह
विधायक, नोएडा
श्रीमति बिमला सोलंकी
विधायक
सिकंदराबाद
डॉ. महेश शर्मा
पूर्व केंद्रीय मंत्री
एवं सांसद
श्री धीरेंद्र सिंह
विधायक, जेवर
श्री हरीश ठाकुर
क्षेत्रीय मंत्री
श्री विजय भाटी
जिलाध्यक्ष, नोएडा
श्री करनेश सिंह
समाजसेवी
श्री अशोक प्रधान
पूर्व केंद्रीय मंत्री
समस्त देश, प्रदेश व क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
15th AUGUST
की हार्दिक
शुभकामनाएं
स्व. ठाकुर छत्तरपाल सिंह
पूर्व, विधायक, जेवर
मनजीत ठाकुर
युवा नेता भाजपा, जेवर विधानसभा क्षेत्र


सभी देश एवं प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
बोधराज सीकरी
वरिष्ठ भाजपा नेता गुरुग्राम
सदस्य, जिला सड़क सुरक्षा एवं
सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी कमेटी
जी. एन. गोसाई
रंजन
संजय टंडन
सुदर्शन बजाज


With Best Complements From
H.P. YADAV
hpyadav@paltech.in
MD & CEO
President
NCCI
Founder
खबरें अभी तक
National President
ALL YADAVS


सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोहर लाल खट्टर
मुख्यमंत्री, हरियाणा
कोरोना वायरस के संक्रमण से
बचाव के लिए सरकार
व डॉक्टर्स के सुझावों पर करें अमल
सुधीर सिंगला
विधायक, गुरुग्राम


सभी प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं।
नवीन गोयल
जिला सचिव,भाजपा,गुरुग्राम


आप सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
दलीप साहनी
रजनी साहनी


हरियाणा कला परिषद
की ओर से सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
INDEPENDENCE DAY
संजय भसीन
निदेशक
हरियाणा कला परिषद

# स्वतन्त्रता दिवस पर धर्मनगरी कुरुक्षेत्र विशेषांक

**सरबजोत सिंह दुग्गल, ब्यूरो प्रमुख कुरुक्षेत्र - मो. 9728972897**


स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

एन.ए.बी.एच द्वारा अधिकृत सुपर स्पेशियलिटी

## सिद्धार्थ हस्पताल

हार्ट केयर, मैटर्निटी, अल्ट्रासाउंड एवं डायलिसिस सैंटर

A Passion for Health ........Where Healing Comes from Heart..........

Dr. Deepak Sharma (MD Medicine)
Dr. Anjali Sharma (MD Gynae & Obst)
are the full time consultants.

पैनल सुविधाएं
ECHS ई.सी.एच.एस.( सेवानिवृत सैनिक व उनके परिवार का इलाज )
हरियाणा सरकार ( हरियाणा सरकारी कर्मचारियों का इलाज )
ESI ई.एस.आई. ओ.पी.डी.
आयुष्मान भारत
स्टार हैल्थ और एलाइड इंश्योरेंस कंपनी
मैक्स लाईफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
मैक्स बूपा
रक्षा टी.पी.ए.
पैरामाउंट टी.पी.ए.
एस.बी.आई. लाईफ
आई.सी.आई.सी.आई. लोम्बार्ड
बी.एस.एन.एल. कर्मचारी

24 x 7 Service

OUR SPECIALITIES

FULL TIME
Physician (Medicine) - सामान्य चिकित्सक
Gynaecologist (Gynae & Obs) - स्त्री रोग विशेषज्ञ
Anaesthetist - एनेस्थेटिस्ट
General Surgeon - जनरल सर्जन

VISITING
Gastroenterologist - पेट, लीवर एवं आंत रोग
Cardiologist - हृदय रोग विशेषज्ञ
Neurosurgeon - न्यूरोसर्जन
Plastic Surgeon - प्लास्टिक शल्यचिकित्सक
Pulmonologist - फेफड़े रोग विशेषज्ञ
Psychiatrist - मनोचिकित्सक
Orthopedician - हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
Laser & Skin Specialist - त्वचा रोग विशेषज्ञ
Infertility Specialist - इन्फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट
Dietician - आहार विशेषज्ञ
Urologist - पेशाब रोगों के विशेषज्ञ

Contact for more information : Ladwa Road, Shahabad (M)
Phone:01744-242838, E-mail:sidhar04@yahoo.co.in

97 28 97 28 97

DUGGAL online SERVICE

ई-सेवा आपके द्वार आपको दूर जाने की जरूरत नहीं।

फोटोस्टेट
प्रिंट आउट (Colour & B/W)
पैन कार्ड
आधार कार्ड प्रिंट आउट
बिजली बिल
ऑनलाईन फार्म
ऑनलाईन रिजल्ट
हवाई व रेलवे टिकट

Near Confed Gas Agency, Moh Majri, Shahabad (M.)

कांग्रेस पार्टी जिन्दाबाद

स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रीना वाल्मीकि प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष
हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अनुसूचित जाति विभाग)

शिरोमणि अकाली दल हरियाणा

स्वतन्त्रता दिवस की ओर से हार्दिक बधाई

कवलजीतसिंह अजराना
प्रदेश प्रवक्ता व प्रदेशाध्यक्ष सिख परिवार हरियाणा

बीबी रविन्द्र कौर अजराना
प्रदेशाध्यक्षा (महिला विंग) एवं पूर्व मैम्बर एस.जी.पी.सी.

स्वतन्त्रता दिवस की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं

अशोक अरोड़ा, पूर्व मंत्री

कृष्ण कुमार गुप्ता
एडवोकेट एवं नगर पार्षद वार्ड 23 थानेसर

सभी प्रदेशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अंकित गुप्ता एडवोकेट

सुभाष गुप्ता समाजसेवी

कांग्रेस पार्टी जिन्दाबाद

सभी क्षेत्रवासियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मधुसूदन बवेजा एडवोकेट
जिला प्रधान कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ

कांग्रेस पार्टी जिन्दाबाद

सभी क्षेत्रवासियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुनीता नेहरा
उपाध्यक्ष, महिला कांग्रेस हरियाणा
पूर्व उपाध्यक्ष जिला परिषद् कुरुक्षेत्र

सभी प्रदेशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

हरप्रीत चीमा
जिला अध्यक्ष, युवा कांग्रेस एवं प्रदेश प्रवक्ता

SRM GLOBAL
GROUP OF PROFESSIONAL INSTITUTIONS

स्वतन्त्रता दिवस की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

Dr. (Er.) Roshan Lal Jindal
President & CMD, SRM Global Group

COURSES
M.Tech | B.Tech | Diploma (Engg.) | MBA | MCA | B.Ed | D.Ed. | BBA | BCA | B.Pharmacy | D.Pharmacy | DMLT

Web: www.srmglobal.in Email: srmiet@hotmail.com

सभी प्रदेशवासियों को भाजपा की ओर से स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

दल सिंह मल्लाह
सदस्य, हरियाणा पिछड़ा वर्ग विमुक्त जाति विकास बोर्ड
पूर्व संयुक्त सचिव, लोकसभा सचिवालय

सत्यपाल खरींडवा
हल्का लाडवा

अरविन्द केजरीवाल, मुख्यमंत्री दिल्ली
गोपाल राय, विधायक दिल्ली
सुशील गुप्ता, सांसद राज्यसभा

आम आदमी पार्टी कुरुक्षेत्र

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जवाहर लाल गोयल
जिला संयोजक कुरुक्षेत्र एवं अधिवक्ता (पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट)

SARDAR CHANAN SINGH GHUMMAN MEMORIAL COLLEGE OF EDUCATION

Approved by NCTE Jaipur & Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra and HBSE Bhiwani

Kishangarh Road, Shahabad Markanda, Distt. Kurukshetra



CONSULT FOR ADMISSION

B.Ed Course for Session 2020-2022
D.Ed. (JBT) Course for Session 2020-2022

Salient Features -:
- Bright, Well Ventilated, Neat & Clean Infrastructure.
- Effective Teaching by qualified and experienced teachers.
- Well equipped modern computer lab.
- Modern Language laboratory for providing basic language skills.
- A well stocked Library for reference and borrowing books.
- Well equipped Science, Psychology & Art and Craft laboratories.
- Multimedia hall with seating capacity of 800 students.
- Yoga, Meditation and mass prayer for all.

For admission, please contact college office from 9.00a.m to 3.00p.m.

Dr. R.S. Ghumman
Ph.D., D.Litt.
Principal
Mob. 9416037170

Contact Number:- 9416037170, 9896341070, 9416145076
Email:- mail@satlujedu.com Website:-www.satlujedu.com

शाहाबाद विकास मंच (रजि.)
परिवार की तरफ से

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सभी हरियाणावासियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रेखा वाल्मीकि
वरिष्ठ भाजपा नेत्री
प्रदेशाध्यक्षा, दलित मोर्चा

जननायक जनता पार्टी जिन्दाबाद

सभी क्षेत्रवासियों को स्वतन्त्रता दिवस हार्दिक बधाई

डा. संतोष दहिया
सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं महिला विंग प्रभारी



आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
रोहित सिंगला
पूर्व पार्षद वार्ड नं. 30
नितिन सिंगला
युवा कांग्रेस अध्यक्ष, फरीदाबाद विधानसभा
लखन कुमार सिंगला
सदस्य हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी
फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र-89
LakhanSinglaFaridabad LakhanSinglaINC lakhansinglainc 9899993672




आप सभी प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
नयनपाल रावत
जनसेवक, पृथला विधानसभा क्षेत्र




सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
महेश नागर
वरिष्ठ कांग्रेसी नेता
मनोज नागर
प्रदेश सचिव, युवा कांग्रेस
ललित नागर
पूर्व विधायक, तिगांव विधानसभा क्षेत्र




गरीबों के मसीहा
युवा दिलों की धड़कन
दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री
श्री अरविन्द केजरीवाल जी
को 52वें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
एवं
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
aap
धर्मबीर भड़ाना
जिलाध्यक्ष
फरीदाबाद
आम आदमी पार्टी